चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 104, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 13 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भाजपा के लिए देश का विकास दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता, हमारी सरकार योजना बनाते या लाभ पहुंचाते समय धर्म या जाति नहीं देखती, यही असली धर्मनिरपेक्षता

# भेदभावरहित योजना बनाना सच्ची धर्मनिरपेक्षताः मोदी

**गांधीनगर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक न्याय को लेकर कहा कि हमारी सरकार योजना बनाते या लाभ पहुंचाते समय धर्म या जाति नहीं देखती, यही असली धर्मनिरपेक्षता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए देश का विकास दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के गांधीनगर में लगभग 4,400 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इन परियोजनाओं में शहरी विकास विभाग, जल आपूर्ति विभाग, सड़क एवं परिवहन विभाग और खान एवं खनिज विभाग आदि की 2450 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन शामिल है। प्रधानमंत्री ने लगभग 1950 करोड़ रुपये की पीएमएवाई (ग्रामीण और शहरी) परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इसीॉ कार्यक्रम के दौरान योजना के लाभार्थियों को चाबियां सौंपकर योजना के तहत बनाए गए लगभग 19,000 घरों के गृह प्रवेश में भाग लिया। उन्होंने वीडियो लिंक के जरिए लाभार्थियों से बातचीत भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, ह्लआज हमारी सरकार हर अभाव को दूर करते हुए, हर गरीब तक खुद पहुंचने का काम कर रही है। लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए हमारी सरकार न जाति देखती है और न ही धर्म देखती है। क्योंकि मैं सोचता हूं कि जहां कोई भेदभाव नहीं है वहीं तो सच्चा धर्मनिरपेक्षता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के लिए देश का विकास दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता है। अभी गुजरात में भाजपा की सरकार बने कुछ ही महीने हुए हैं, लेकिन विकास ने जो रफ्तार पकड़ी है उसे देखकर आनंद आ रहा है, एक सुखद अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि पुरानी विफल नीतियों के साथ आगे बढ़ने से न तो देश का भाग्य बदल सकता है और न ही देश सफल हो सकता है। पिछली सरकारों और आज की सरकार के दृष्टिकोण और दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। हम वास्तव में गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-आवास योजना ने आवास क्षेत्र को बदल दिया है। इससे खासकर गरीब और मध्यम वर्ग को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद हमने गरीबों के घर को सिर्फ एक पक्की छत तक सीमित नहीं रखा, बल्कि हमने घर को गरीबी से लड़ाई का एक ठोस आधार बनाया। 'पीएम आवास योजना' गरीबों के साथ महिला सशक्तिकरण को भी बहुत बड़ी ताकत दे रही है। पिछले 9 वर्षों में करीब-करीब 4 करोड़ पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं। इनमें करीब 70 प्रतिशत घर महिला लाभार्थियों के नाम पर हैं। उन्होंने कहा कि पहले रियल एस्टेट सेक्टर में मनमानी चलती थी, धोखेबाजी की शिकायत आती थी। मध्यम वर्ग के परिवारों को सुरक्षा देने के लिए कोई कानून नहीं था। हमने एक रेरा कानून बनाया, इससे मध्यम वर्ग के परिवारों को सुरक्षा मिली है। भाजपा सरकार देश में बढ़ते शहरीकरण के कारण भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब हो या मध्यम वर्ग, लोगों के लिए जीवन की गुणवत्ता तभी संभव है जब उन्हें रहने के लिए शुद्ध और स्वच्छ वातावरण मिले; उसी को सुनिश्चित करने के लिए हमारा देश एक मिशन मोड पर है। 2014 में देश में केवल 14-15 प्रतिशत कचरा प्रसंस्करण होता था जबकि आज यह 75 प्रतिशत है।






## बदल रही है भारत की शिक्षा प्रणाली : मोदी



**गांधीनगर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 21वीं सदी के तेजी से बदलते समय में भारत की शिक्षा प्रणाली बदल रही है और शिक्षक और छात्र भी बदल रहे हैं। इन बदलती परिस्थितियों में हम कैसे आगे बढ़ेंगे यह तय करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने गुजरात के गांधीनगर में अखिल भारतीय शिक्षा संघ अधिवेशन को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत, 21वीं सदी की आधुनिक आवश्कताओं के मुताबिक नई व्यवस्थाओं का निर्माण कर रहा है। 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति' इसी को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। उन्होंने कहा कि हम इतने वर्षों से स्कूलों में पढ़ाई के नाम पर अपने बच्चों को केवल किताबी ज्ञान दे रहे थे। 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति' उस पुरानी अप्रासंगिक व्यवस्था को परिवर्तित कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रेक्टिकल पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मातृभाषा में शिक्षण को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जो एक बड़ा प्रावधान किया गया है, वो हमारे गांव-देहात और छोटे शहरों के शिक्षकों की बहुत मदद करने वाला है। ये प्रावधान मातृभाषा में पढ़ाई का है। उन्होंने कहा कि आज हमें समाज में ऐसा माहौल बनाने की भी जरूरत है जिसमें लोग शिक्षक बनने के लिए स्वेच्छा से आगे आएं। प्रधानमंत्री ने हर स्कूल का जन्मदिन मनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्कूल और स्टूडेंट के बीच डिस्कनेक्ट को दूर करने के लिए ये परंपरा शुरू की जा सकती है कि स्कूलों का जन्मदिन मनाएं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात में रहते हुए मेरा प्राथमिक शिक्षकों के साथ मिलकर राज्य की पूरी शिक्षा व्यवस्था को बदलने का अनुभव रहा है। एक जमाने में गुजरात में ड्रॉप आउट रेट करीब 40 प्रतिशत के आस-पास हुआ करता था और आज 03 प्रतिशत से भी कम रह गई है। ये गुजरात के शिक्षकों के सहयोग से ही संभव हुआ है।

## जीवन में शिक्षक की भूमिका अहम : मोदी

**प्रधानमंत्री** ने भारतीय शिक्षकों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि भूटान राज परिवार के सीनियर ने उन्हें बताया कि उन सब को हिंदुस्तान के शिक्षकों ने पढ़ाया-लिखाया है। ऐसे ही सऊदी अरब के किंग के बचपन में शिक्षक गुजरात (भारत) से ही थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की पीढ़ी के छात्रों की जिज्ञासा, उनका कौतूहल, एक नया चैलेंज लेकर आया है। ये छात्र आत्मविश्वास से भरे हैं, वो निडर हैं। उनका स्वभाव टीचर को चुनौती देता है कि वो शिक्षा के पारंपरिक तौर-तरीकों से बाहर निकलें। छात्रों के पास सूचना के अलग-अलग स्रोत हैं। इसने भी शिक्षकों के सामने खुद को अद्यतन (अपडेट) रखने की चुनौती पेश की है। इन चुनौतियों को एक टीचर कैसे हल करता है, इसी पर हमारी शिक्षा व्यवस्था का भविष्य निर्भर करता है। सबसे अच्छा तरीका ये है कि इन चुनौतियों को निजी और व्यावसायिक विकास अवसर के तौर पर देखा जाए। ये चुनौतियां हमें सीखना, भूलना और फिर से सीखना करने का मौका देती हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी से जानकारी मिल सकती है लेकिन सही दृष्टिकोण नहीं। सिर्फ एक गुरु ही बच्चों को ये समझने में मदद कर सकता है कि कौन सी जानकारी उपयोगी है और कौन सी नहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब जानकारी की भरमार हो तो छात्रों के लिए ये महत्वपूर्ण हो जाता है कि वे कैसे अपना ध्यान केंद्रित करें। ऐसे में ध्यान लगा के पढ़ना और उसे तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

## सीबीएसई कक्षा 10वीं का परिणाम घोषित, 93.12 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं कक्षा के छात्रों का परिणाम घोषित कर दिया है। इस साल परीक्षा में बैठने वाले कुल छात्रों में से 93.12 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए हैं। सीबीएसई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष कक्षा 10 के परिणामों में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.12 प्रतिशत है, जो पिछले वर्ष के 94.40 प्रतिशत से 1.28 प्रतिशत कम है। हालांकि, सीबीएसई के अनुसार, यह कोरोना अवधि में 2019 के उत्तीर्ण प्रतिशत 91.10 से बेहतर है। इस वर्ष लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने 1.98 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है।



## अदाणी-हिंडनबर्गः सेबी को तीन महीने का समय मिलेगा

**नई दिल्लीःसुप्रीम** कोर्ट ने अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद को लेकर दाखिल याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने दो मार्च को बाजार नियामक सेबी को अदाणी समूह के शेयर की कीमतों में हेरफेर के आरोपों की दो महीने के भीतर जांच करने का निर्देश दिया था। इस बीच सेबी ने कोर्ट से जांच के लिए और छह महीने का समय मांगा था। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने सेबी से कहा- हम जांच के लिए समय बढ़ाएंगे, लेकिन छह महीने के लिए नहीं। हम समय को तीन महीने के लिए बढ़ाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय की ओर से नियुक्त समिति की रिपोर्ट रजिस्ट्री में है और वे इस पर सप्ताहांत के दौरान विचार करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने समय बढ़ाने की सेबी की याचिका को विचार के लिए सोमवार (15 मई) को सूचीबद्ध की है। शीर्ष अदालत ने भारतीय निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक पैनल भी गठित किया था, जब अमेरिकी लघु विक्रेता हिंडनबर्ग की एक हानिकारक रिपोर्ट ने भारतीय समूह के बाजार मूल्य के 140 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक का सफाया कर दिया था।

## पुलिस के सामने पेश हुए बृजभूषण, दर्ज कराया बयान

**नई दिल्लीः** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह दिल्ली पुलिस के सामने पेश हुए। दिल्ली पुलिस ने बृज भूषण का बयान दर्ज किया है। इसके साथ ही उनसे कुछ दस्तावेज भी मांगे हैं। बृजभूषण ने अपने ऊपर लगे आरोपों को नकारा है।

पुलिस के मुताबिक, पहलवानों की शिकायत पर डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का बयान दर्ज किया गया और कुछ दस्तावेज मांगे गए। बृजभूषण ने अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया।

## सीबीएसई 12वीं रिजल्टः 87.33% स्टूडेंट पास



**नई दिल्लीः** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 12वीं का रिजल्ट जारी किया। इस साल कुल 87.33% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। इनमें से 90.68% लड़कियां और 84.67% लड़के हैं। लड़कियां, लड़कों के मुकाबले 6.01% आगे रहीं। 12वीं में 44 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने 95% और करीब 1.12 लाख स्टूडेंट्स ने 90% मार्क्स हासिल किए हैं। त्रिवेंद्रम रीजन 99.91 पास परसेंटेज के साथ टॉप पर है। 98.64% के साथ बेंगलुरु दूसरी, 97.40% के साथ चेन्नई तीसरी, 93.24% के साथ दिल्ली वेस्ट चौथी और 91.84% के साथ पांचवी पोजिशन पर है। मेरिट लिस्ट भी जारी नहीं की जाएगी। सब्जेक्ट वाइज सबसे ज्यादा नंबर हासिल करने वाले 0.1% स्टूडेंट्स को मेरिट सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

**नंबर बढ़वाने पास स्टूडेंट भी दे सकेंगे कम्पार्टमेंट एग्जामः**सीबीएसई के एग्जाम कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने बताया कि जो बच्चे पास हो चुके हैं, लेकिन किसी एक सब्जेक्ट में इंप्रूव करना चाहते हैं, उन्हें मौका दिया जाएगा कि वे पूरक परीक्षा में बैठकर अपने नंबर इंप्रूव कर सकते हैं। इसी तरह यदि किसी स्टूडेंट को 5 में से एक सब्जेक्ट में 33% से कम मार्क्स मिले हैं, तो उसे कंपार्टमेंट एग्जाम पास करना होगा, जो जुलाई में होगा। 1 लाख 25 हजार 705 स्टूडेंट्स पूरक (कम्पार्टमेंट) परीक्षा देंगे। स्टूडेंट्स अपने रिजल्ट की फोटोकॉपी और रीवैल्युएशन 16 मई से करवा सकेंगे। बोर्ड ने 2024 की परीक्षाओं की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। ये परीक्षा 15 फरवरी 2024 से शुरू होंगी।

**38.83 लाख स्टूडेंट्स ने दिया था सीबीएसई एग्जामः**
देश में सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित की गई थी। 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 5 मार्च तक चली थीं। दोनों एग्जाम में 3883710 परीक्षार्थी बैठे थे। कक्षा 10वीं के 21,86,940 और 12वीं के 16,96,770 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी।

## सीएम योगी ने सहयोगियों के साथ देखी 'द केरल स्टोरी' फिल्म

### मुख्यमंत्री के साथ 18 कॉलेज की 300 छात्राएं भी रहीं मौजूद



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कैबिनेट के सहयोगियों के साथ ऑडिटोरियम में फिल्म 'द केरल स्टोरी' देखी। फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए ऑडिटोरियम में व्यवस्था की गई थी।

ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगियों के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए 18 कॉलेजों की 300 छात्राओं को भी बुलाया गया था। सभी छात्राओं ने मुख्यमंत्री योगी द्वारा फिल्म दिखाए जाने पर आभार व्यक्त किया।

### योगी कैबिनेट बैठक में 19 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## सबसे ज्यादा शिक्षा के पांच प्रस्ताव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में शुक्रवार को कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री योगी की कैबिनेट बैठक में कुल 19 प्रस्तावों पर मुहर लगी। निकाय चुनाव के बाद योगी कैबिनेट की आज लोक भवन में सम्पन्न बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के पांच प्रस्ताव, पर्यटन विभाग के दो, औद्योगिक विकास के तीन, कृषि विभाग के दो, खाद्य विभाग का एक प्रस्ताव पास, वित्त व संस्कृति विभाग के एक-एक प्रस्ताव पास हुए। गृह विभाग के तीन, हथकरघा विभाग का एक प्रस्ताव पास किया गया है। कैबिनेट में पास प्रस्तावों के बाद अब शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और इसका लाभ गरीबी अभ्यर्थियों को मिलेगा। कैबिनेट में पास प्रस्तावों में उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अन्तर्गत निजी क्षेत्र में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय अयोध्या, महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय बिल्हौर कानपुर नगर, शारदा विश्व विद्यालय आगरा, फ्यूचर विश्व विद्यालय बरेली, जीएस विश्वविद्यालय हापुड़ की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास किया गया है। पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मथुरा में पर्यटन विकास संबंधी कार्य कराए जाने हेतु मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण को कार्यदायी संस्था नामित करने और मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना की नीति निर्धारण के संबंध में प्रस्ताव पास किया गया है।



## जनसंघर्ष यात्राः पायलट ने जयपुर किया कूच

**जयपुर।** पेपरलीक और भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की जनसंघर्ष पद यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को अपार जनसमूह और बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों के बीच यात्रा अगले पड़ाव के लिए रवाना हुई। शुक्रवार सुबह आठ बजे यात्रा की शुरूआत किशनगढ़ टोल प्लाजा से हुई। करीब 11 किलोमीटर की यात्रा पूरी करने के बाद बांदरसिंदरी की बिड़ला पब्लिक स्कूल के पास विश्राम हो गया है। दूसरे दिन की यात्रा का दूसरा चरण शाम चार बजे बिड़ला स्कूल से दोबारा शुरू होगा। इसके बाद विश्राम शाम 7 बजे गेजी मोड़ पड़ासौली में रहेगा। वसुंधरा सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग तथा पेपरलीक प्रकरण में सरकार की ढिलाई के खिलाफ निकाली जा रही पांच दिवसीय जन संघर्ष यात्रा में पायलट के साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थक चल रहे हैं। पायलट की यात्रा का पहला चरण गुरुवार को पूरा हुआ था। पायलट रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन में सवेरे जयपुर से बैठे। दोपहर में अजमेर उतरे तथा वहां से आरपीएससी स्थित सभास्थल पहुंचे। यहां 40 मिनट तक संबोधन के बाद उन्होंने पौने दो बजे जयपुर कूच आरंभ किया। शाम सवा पांच बजे वे किशनगढ़ पहुंचे। यहां मुख्य चौराहे पर सभा करने के बाद उनका रात्रि विश्राम एक्सप्रेस वे पर तोलामाल गांव के बस स्टैंड पर हुआ। शुक्रवार सवेरे उन्होंने यहीं से यात्रा के दूसरे दिन की शुरूआत की। इससे पहले रात में यहां हुई पत्रकार वार्ता में पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि मैंने जब अनशन किया तो वसुंधरा राजे के करप्शन के खिलाफ किया। मुझे समझ में नहीं आता कि यह पार्टी के अनुशासन को लांघने का केस कैसे बनता है? अनुशासन तोड़ने का काम तो 25 सितंबर को किया गया था, जब सोनिया गांधी के स्पष्ट आदेश थे और दोनों पर्यवेक्षक विधायक दल की बैठक करवाने आ रहे हैं।



## आईएएस के ट्रांसफर पर दिल्ली सरकार-एलजी में फिर ठनी

### मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा; आप का आरोप- सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मान रही

**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट शुक्रवार को दिल्ली सरकार के सेवा विभाग के सचिव को हटाने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। इस मामले पर अगले हफ्ते बेंच बनाई जाएगी। सुप्रीम कोर्ट से पोस्टिंग और ट्रांसफर का अधिकार दिल्ली सरकार को मिलने के कुछ घंटे के बाद ही सीएम केजरीवाल ने सर्विस सेक्रेटरी आशीष मोरे का हटा दिया था।

इसके बाद आशीष मोरे के खिलाफ लिए गए इस फैसले पर रोक लगा दी गई। इसके बाद दिल्ली सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार उसके सेवा सचिव के तबादले की पहल नहीं कर रही है। यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले की अवमानना है।

**सीएम केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी थी बड़े बदलाव की हिंटः** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की।



### खबर संक्षेप

## बिजली विभाग की सघन चेकिंग, आधा दर्जन के खिलाफ एफआईआर

**सहसों।** विद्युत विभाग द्वारा चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के तहत चेकिंग के दौरान बिजली चोरी पर आधा दर्जन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया। हेतापट्टी सब स्टेशन के जेई हरिओम सैनी व एसडीओ सिकंदरा अमन सिंह के द्वारा बिजली चोरी जांच अभियान क्षेत्र में चलाया गया। जिसमें बिजली चोरी करते हुए कई लोग पकड़े गए है। जेई के अनुसार मथुरा उर्फ पारनडीह के प्रवीण कुशवाहा, नयापुरवा के दूधनाथ व भोलानाथ, कुसुंगुर के हरिश्चंद्र, सकरा के श्याम बाबू, मालीकापूरा के रामचंद्र गारापुर के अविनाश कुमार आदि लोग बिजली की चोरी करते हुए पकड़े गए हैं। जिनके खिलाफ टीम द्वारा मुकदमा कायम कराया गया है। जांच अभियान चलाए जाने व मुकदमा दर्ज कराने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# नैनी में ऑटो मोटर पार्ट्स की दुकान में लगी आग

### मेवालाल की बगिया चौराहे के पास ऑटो मोटर पार्ट्स रिपेयरिंग सेंटर में रात में लगी आग से लाखों का नुकसान



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र में मेवालाल की बगिया चौराहे के समीप स्थित ऑटो मोटर पार्ट्स रिपेयरिंग सेंटर में रात में आग लग गई जिसमें लाखों का नुकसान हो गया फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुचकर आग पर काबू पाया आग की चपेट में आने से बगल में रखी एक पान की गुमटी भी जल गई एडीए कालोनी निवासी लल्लू प्रसाद की मेवालाल की बगिया चौराहे पर स्थित आटो मोटर पार्टस की रिपेयरिंग सेंटर है। जिसमें रात अचानक आग लग गई जिसकी चपेट में आने से उनके सेंटर में रखी तीन मोटर साइकिल और दो कार जल गई है इसके अलावा ऑटो पार्टस के समान भी जल गया आग की लपटों की चपेट में आने से बगल में स्थित एक पान की गुमटी भी जलकर राख हो गई सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया आग से तीन से चार लाख रुपए का नुकसान हो गया है। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

## बिजली की शॉर्ट सर्किट से लगी आग गृहस्थी जलकर हुई राख

### अनाज जेवरात एवं नकद रुपए भी जले, एक गाय की मौत एक बुरी तरीके से झुलसी



**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के रत्यौरा करपिया गांव में शुक्रवार को दोपहर में अचानक छप्परनुमे घर में बिजली की शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग जाने से संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक राम अयोध्या पुत्र स्वर्गीय सिंहासन सिंह ने ईंट की पक्की दीवार बनाकर उस पर छप्पर लगाए थे। दोपहर में अचानक बिजली की शॉर्ट सर्किट से मड़हे में आग लग जाने से घर के अंदर रखें गृहस्थी के पूरे सामान अनाज चारपाई जेवरात एवं नकद रुपए जल गए। शॉर्ट सर्किट से लगी आग के इस घटना में राम अयोध्या के तकरीबन 10 कुंतल अनाज जिसमें गेहूं, चावल, चना, मटर शामिल था। इसके अलावा ब्याज पर लिए पैसे देने के लिए अनाज बेचकर ?50000 नकद घर में रखे थे वह भी जल गए। इसी प्रकार दो बेटे गोपाल सिंह, सोखा सिंह उसी घर में अलग रहते थे। दोनों बहुओं के तकरीबन एक लाख के जेवरात भी इस घटना में जल गए हैं। शॉर्ट सर्किट की इस आग में एक गाय की जलकर मौके पर ही मौत हो गई और एक गाय बुरी तरीके से झुलस गई है। उपचार करने गए चिकित्सक ने बताया कि गाय की हालत नाजुक है। इसका बचना संभव नहीं है। आग लगने की सूचना फायर कर्मियों को दी गई। पहुंचे फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के साथ बेकाबू आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई थी।

## कोर्ट के आदेश के बावजूद आफिसों में अटैच किए गए हैं सफाई कर्मी

### सिस्टम के बदौलत ग्राम पंचायतें कूड़े के ढेर में तब्दील हो रही है



**करछना।** प्रयागराज गांवों को स्वच्छ बनाने एवं साफ सफाई के लिहाज से सरकार ने बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, अधिकांश इलाकों में देखा जा सकता है कि बहुत कम गांवों में सफाई कर्मी कार्य कर रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण है गांव में गंदगी का ढेर और ग्राम पंचायतों से आने वाली शिकायतों पर गौर करें तो 80 प्रतिशत से अधिक गांव गंदगी और कूड़े से पटे पड़े हैं ज्यादातर सफाई कर्मी अफसरों की फाइल इधर उधर करने और आफिसों में हाय हजूरी कर रहे हैं, जबकि इन कर्मचारियों को कोर्ट ने सख्त आदेश दिया है कि सभी सफाई कर्मचारियों को उनके तैनाती वाले ग्राम पंचायतें में लगाया जाय, लेकिन तैनाती गांवों में कागज पर लिखाकर, आफिसों में बाबू का कार्य कराया जा रहा है,यह खेल निचे से लेकर ऊपर तक अफसरों के घर, आफिस, बगीचे की देखभाल एवं अन्य कार्य लिए जा रहे हैं, सूत्रों की मानें तो यही तक नहीं कुछ प्रधान ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मचारियों से काम नहीं करने पर पे स्लीप पर साइन कर कमीशन भी ले रहे हैं अधिकांश इलाकों में देखा जा सकता है कि महीनों से कोई सफाई कर्मी अपने तैनाती वाले ग्राम पंचायतों में सकल भी नहीं दिखाते,35 हजार सैलरी पाने वाले सफाई कर्मी प्रति महीने चार से पांच हजार ऊपर जिम्मेदार तक पहुंचा कर महीनों गांव नहीं जाते,इस बावत करछना ब्लाक के जिम्मेदार दो अफसरों में बात किया तो उनकी बात सुनकर अटपटा लगा और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकें और उनके जबाब में आपस में बिरोधा भास से फरा उत्तर दिया।

# डेलौहा गांव मे जल निगम पानी की टंकी बनी शोपीस !

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत एक दशक पूर्व विश्व बैंक सहायतित नीर निर्मल परियोजना के तहत शिरोपरी जलासय पाइप लाइन राइजिंग शुद्ध पेयजल सप्लाई करने के नाम पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर निर्मित पेयजल योजना ग्रामीणों के लिए वरदान की जगह अभिषाप बनी हुई है। करोड़ों रुपये से निर्मित पेयजल योजना अनदेखी का शिकार हो गई है। कुछ इसी तरह की हालत भटौती, डेलौहा की है। जहां लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पारहा है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है,पानी की आवश्कता भी बढ़ती जारही है। दिन के समय दो बार पानी की सप्लाई होनी चाहिए, लेकिन एक बूद भी नही मिल रहा है। उक्त दोनो गांव मे पेयजल समूहों से दूर दराज अन्तिम ब्यक्ति तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। सपा के पूर्व विधायक गिरीश चन्द्र उर्फ गामा पांडेय ने लोगों की पहल पर मेजा तहसील के दो दर्जन से अधिक गांवों में पेयजल योजना को मंजूरी दिलाई थी। जल निगम के इंजीनियरों व ठेकेदारों ने धन का बंदर बांट कर किसी तरह योजना का संचालित तो करवा दी, लेकिन घटिया सामान डाले जाने से पानी की सप्लाई बंद हो गई है। मेजा से जिला पंचायत सदस्य देशराज सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष से शिकायत किया है। इसकी जांच कराया जाएगा बताया कि कुछ बस्ती तक पाइप लाइन तो बिछाई गई है, लेकिन पानी नहीं पहुंच रहा है। पेयजल से लाभ उठाने वाले भटौती गांव के विनय निषाद ने बताया कि गांव तक पानी नहीं पहुंच रहा है। लोग सुबह से हैंड पंपों पर पानी के लिए लाइन लगा रहे हैं। वही डेलौहा गांव संजय पटेल ने बताया की पाइप लाइन सिर्फ मेन वस्ती मे बिछाई गई लेकिन सड़क से लेकर जानकीगंज तक पाइप लाइन नही बिछाई गई जबकि इसकी शिकायत कई बार की गई कोई सुनवाई हुई। जल निगम के इंजीनियरों से शिकायत की जाती है, तो उनका कहना है कि निर्माण के बाद योजना को ग्राम पंचायतों को सौंप दिया गया है।

## दंबग सांड के हमले से वृद्ध की दर्दनाक मौत



**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नीवी ग्राम पंचायत में एक वृद्ध किसान अपने खेत में लगे समरसेबल पर खेत में गया था जहां पर आवारा सांड ने हमला कर दिया हमले के दौरान वृद्धि की दर्दनाक मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार नीवी ग्राम सभा के निवासी विद्या शंकर पांडे उम्र 62 वर्ष शुक्रवार दोपहर विद्याधर पांडे अपने खेत में लगे सिंबल सेबल पर गए थे पास में एक खेत चर रहे आवारा एक दंबग सांड ने हमला बोल दिया तथा बुरी तरह जख्मी कर दिया गंभीर चोट लगने से वृद्ध की खेत में तत्काल मौत हो गई बताया जाता है कि इस गांव में आवारा सांड पूर्व में लगभग आधा दर्जन लोगों के ऊपर हमला कर चुका है उसके आतंक से काफी लोग भयभीत हैं हालांकि सरकार ने क्षेत्र के कई जगहों पर गौशाला केंद्र की स्थापना किया है तथा पशुओं को रखने की व्यवस्था बनाई गई है लेकिन ग्रामीणों एवं जिम्मेदार लोगों के बदौलत इस तरह से आवारा मवेशी गांव में घूम रहे हैं जो लोगों के ऊपर हमला कर घायल कर रहे हैं लेकिन जिम्मेदार लोग इस ओर ध्यान नहीं दिए घटना की जानकारी होने पर चौकी प्रभारी भीरपुर मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही गमीणों का आरोप है कि कई महीने से गांव में आवारा मवेशी लोगों के ऊपर निरंतर हमला कर रहे हैं जिसकी शिकायत के बावजूद भी कोई पहल नहीं की गई इससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

# कमरा बंद कर इंटरमीडिएट के छात्र ने लगाई फांसी

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** परीक्षा परिणाम में नंबर ही तो कम आए थे। अगर फेल भी हो जाते तो कोई गम नहीं था। सफलता पाने के लिए हताशा-निराशा जैसे शब्दों से कोसों दूर रहना चाहिए। पर, आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग इतने अकेले और निराश होते जा रहे हैं कि वह सही-गलत का फैसला भी नहीं कर पाते। यह भी नहीं सोच पाते कि क्या मेरे लिए गलत होगा और क्या सही। बहरहाल, शुक्रवार को निराशा से एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक सिर्फ इसलिए निराश और हताश था, क्योंकि परीक्षा परिणाम (उइए फ़ी२४'३ 2023) में उसके नंबर कम आए थे। मामले की जानकारी होने पर उसे नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर भी तसल्ली के लिए उसे अन्यत्र दूसरे डाक्टर के पास ले जाया गया है। यह पूरा मामला प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड बारा पॉवर प्लांट में वाटर ट्रीटमेंट लैब में कार्यरत चीफ केमिस्ट डीडी पांडेय के बेटे का है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से राबट्र्सगंज (सोनभद्र) निवासी डीडी पांडेय प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के वाटर ट्रीटमेंट लैब में बतौर चीफ केमिस्ट कार्यरत हैं। उनके दो बेटे थे। बड़ा बेटा लखनऊ में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है, जबकि छोटे बेटे कुणाल पांडेय ने इस साल सीबीएसई बोर्ड से 12वीं की परीक्षा दी थी। पढ़ाई-लिखाई में होनहार कुणाल पांडेय एसएमसी का छात्र था। डीडी पांडेय अपनी पत्नी व छोटे बेटे के साथ पीपीजीसीएल में स्थित आवासीय परिसर में रहते हैं। बताया जाता है कि आज सुबह डीडी पांडेय ड्यूटी पर थे।शुक्रवार को बेटे कुणाल पांडेय का सीबीएसई बोर्ड का 12वीं का परिणाम आया। बताया जाता है कि वह अच्छे नंबरों से पास था, लेकिन मनचाहा नंबर नहीं मिला था। इससे वह उदास हो गया। इधर, किसी कार्य से कुणाल की मां शंकरगढ़ बाजार चली गईं। इसके बाद कुणाल पांडेय घर पर अकेला रह गया और हताशा में उसने कमरा अंदर से बंद कर पंखे के सहारे फांसी लगा ली। उक्त मामले की जानकारी तब हुई, जब मां घर लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। आनन-फानन में कुणाल को फांसी के फंदे से उतारकर पीपीजीसीएल में स्थित हास्पिटल में ले जाया गया, जहां एमओ ने कुणाल को मृत घोषित कर दिया। फिर भी तसल्ली के लिए उसे अन्यत्र हास्पिटल ले जाया गया है। इस मामले में एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। CBSE परीक्षा परिणाम में कम नंबर आने से युवक दुखी था और इसी वजह से उसने फांसी लगा ली।

## भागवत कथा के समापन पर हवन एवं हुआ भंडारे का आयोजन




**सहसों।** क्षेत्र के सीताऊ का पूरा गारापुर में मुख्य यजमान चिंतामणि पांडे के संयोजन में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के समापन पर आवाहित देवी-देवताओं की प्रसन्नता एवं जन कल्याण हेतु यज्ञ हवन यज्ञशाला में बने हवन कुंड में आचार्य एवं पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण से हवन सामग्री की आहुति डाली गई। इस अवसर पर यज्ञशाला में बने हवन कुंड में मुख्य यजमान समस्त परिवार के साथ देवताओं की प्रसन्नता, पारिवारिक सुख समृद्धि एवं शांति के साथ स्वयं तथा जन कल्याण के लिए वेद मंत्रों के साथ हवन की आहुति डाली। तत्पश्चात श्रीमद्भागवत पुराण एवं श्री हरि तथा समस्त देवी देवताओं को समर्पित करते हुए भोग लगवा कर विशाल भंडारे के आयोजन में भोजन प्रसाद भक्त श्रोताओं ग्रामीणों को कराया गया। जिसमें क्षेत्र के समस्त श्रोता भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर भगवान का प्रसाद पाकर कृतार्थ हुए। इस अवसर पर कथा व्यास आचार्य कृष्णकान्त शास्त्री जी ने कहा कि स्वयं के कल्याण के साथ-साथ जनकल्याण को देखते हुए हर मानव को चाहिए देवी देवताओं की प्रसन्नता, सुख समृद्धि, एवं शांति के अतिरिक्त वायुमंडल में वातावरण के शुद्ध हवा से यज्ञ हवन इत्यादि बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। जिसमें यज्ञशाला से निकले धुंआ से समस्त वायुमंडल में फैली जहरीली गैस शुद्ध होकर स्वास्थ्य के लिए शुद्ध प्राणवायु प्रदान करते हैं। जिससे पृथ्वी पर समस्त जीवों के साथ मानव समाज का मन मस्तिष्क शुद्ध होकर स्वस्थ रहता है।

# नाबालिगों के हाथ में स्टेयरिंग, ई-रिक्शा चालकों से मऊआइमा में लोग परेशान

### हर रोज होते है क्षेत्र में कई छोटे बड़े हादसे सड़क पर लगाते है जाम राहगीरो को होती है ई रिक्शा से दिक्कत,अधिकांश नशेड़ियों चला रहे हैं ई रिक्शा, बजाते हैं जोर जोर आश्लील गानें

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में इन दिनों नशेड़ी नाबालिग ई रिक्शा चालको की बाढ़ सी गई है।नाबालिग चालको से हर रोज लोग होते है दुर्घनाग्रस्त नाबालिग ई रिक्शा चालक ले चुके है कई लोगो की जान जिस से लोगो मे खौफ का माहौल बन गया है। मऊआइमा कस्बा नगर पंचायत क्षेत्र में ई रिक्शा चालकों की बाढ आ गई है। बताते हैं कि इन रिक्शों को अधिकांश नाबालिग लडके चलाते हैं। यही नहीं ये नशे में धुत हो कर तेज गति से बजाते हैं आश्लील गानें जिसे सुनकर महिलाएं शर्मसार हो जाती हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के थाना पडाव चौराहा, चुनौंटा कुआं ,सदरबाजार आदि स्थानों पर जाम लगाते हैं। बोलने पर आमादा फसाद हो जिते हैं। नशे में धुत ई रिक्शा चालकों को हटाने के लिए मऊआइमा पुलिस ने थाना पडाव चौराहे पर होमगार्डों की तैनाती की है। होम गार्डों के लाख चिल्लाने पर मन बढ ई रिक्शा चालकों द्वारा इधर उधर रिक्शा नचाते हैं। बताया गया है कि विगत माह मऊदोस्तपुर में एक अधेड को ई रिक्शा चालक ने जान लेने के बाद रिक्शा छोड कर भाग गया। पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है। बताया गया है कि तीव्र गति से चलाना इनकी आदत में शुमार है। शुक्रवार को मोहल्ला पूरे मियां जी में 12 वर्षीय ई रिक्शा चालक ने एक मैजिक में तीव्र गति से टक्कर मार दिया। आवाज सुन कर दुकानदारों ने देखा कि मैजिक चालक सामान उतार कर दुकान में बैठ कर हिसाब कर रहा था। मैजिक के सारे शीशे टूट गए ई रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया और नाबालिग लडका भाग गया। बहरहाल यदि ई रिक्शा चालकों पर शासन प्रशासन ने इनके लिए लासेंस एंव नम्बर जारी कर नियम बना देना चाहिए वरना यह आए दिन कोई न कोई घटनाओं को अंजाम देते रहेंगें।

### न्यूज झरोखा

## खखैचा, प्रतापपुर का लाल मुंबई में किया कमाल बना एमबीबीएस डॉक्टर, पिता हैं आटो रिक्शा चालक



**प्रतापपुर।** खखैचा, प्रतापपुर के मूल निवासी केशव प्रसाद मिश्र के बेटे दिनेश चंद्र मिश्र मुंबई घाटकोपर में आटो रिक्शा चलाकर अपना एवं परिवार का भरण पोषण करते हैं उनकी पत्नी गायत्री मिश्र गृहणी हैं दो बच्चों में बड़ी बेटी शीलू मिश्र का पिछले वर्ष विवाह हुआ है जबकि बेटा ऋषभ मिश्र कड़ी मेहनत लगन से एमबीबीएस की डिग्री हासिल किया है। परिवार, क्षेत्र, समाज, रिश्तेदार ऋषभ की उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस करते हुए ऋषभ को बधाई दिया एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया है। ऋषभ शुरू से ही पढ़ने में होनहार, प्रतिभाशाली, सौम्य, सरल, मिलनसार व्यक्तित्व का है सारी शिक्षा मुंबई में हुई है। ऋषभ अपनी उपलब्धि पर ईश्वर एवं अपने माता पिता, परिवार, शिक्षकों तथा शुभचिंतकों को मनोबल बढ़ाने हेतु धन्यवाद दिया है।ऋषभ की उपलब्धि पर परिजनों में रमेश मिश्र, सुरेश मिश्र, हौंसिला मिश्र, मूलचंद्र मिश्र, मिठाई लाल भारतीय प्रधान, विवेक उपाध्याय, ब्रह्म प्रसाद मिश्र भुल्लन, त्रिशूली नाथ दुबे, विजय नाथ तिवारी, धीरज द्विवेदी, प्रमोद दुबे, मुकेश त्रिपाठी, राहुल दुबे, युवराज सिंह, आशुतोष तिवारी, प्रदीप दुबे, दीपक मिश्र, सहित तमाम लोगों ने ऋषभ को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## 100% रहा जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम



**करछना।** 12 मई 2023 को सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित किया गया जिसमें जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर करछना प्रयागराज कक्षा 12 की छात्रा साक्षी त्रिपाठी 94% पाकर प्रथम स्थान पर रही। वहीं द्वितीय स्थान पर देवकेश यादव 89% पाकर रहे एवं तृतीय स्थान पर प्रियांजलि पांडे 88% अंक पाकर रहीं। वहीं कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान अंजली यादव ने 91% अंक के साथ अर्जित किया। वहीं द्वितीय स्थान तमस केशरवानी ने 89% के साथ एवं तृतीय स्थान अंशुल कुमार ने 88% अंक के साथ अर्जित किया। वहीं पूरे विद्यालय का परीक्षाफल 100% रहा । फिजिकल एजुकेशन में साक्षी त्रिपाठी ने 99 अंक प्राप्त किया। विद्यालय प्रांगण में निर्देशक डॉक्टर आर पी पाण्डेय , डॉक्टर के के शुक्ला, प्रधानाचार्या अंकिता मिश्रा, श्री रत्नाकर शर्मा एवं शिक्षक व शिक्षिकागण ने बच्चों को मिठाईयां खिलाकर बच्चों को आशीर्वचन प्रदान किया।

# श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा वारी में श्री महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई

अखंड भारत संदेश




**प्रतापपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रयागराज द्वारा श्री महाराणा प्रताप की जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए एडी मेमोरियल कान्वेंट स्कूल वारी के प्रांगण मे शुक्रवार को मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता विपिन प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष एवं संचालन रुद्र प्रताप सिंह जिला संयोजक ने किया। ठाकुर योगेश सिंह जिला प्रभारी द्वारा आए हुए अतिथियों एवं कार्यकताओं का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया गया। अवन सिंह एवं संतोष सिंह द्वारा महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं संघर्ष पूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाराणा प्रताप हिन्दू धर्म एवं संस्कृति के रक्षक तथा स्वतंत्रता प्रेमी के रूप में विश्वविख्यात हैं। कई देशों के लोग महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेकर स्वतंत्रता आन्दोलन चलाये हैं। महाराणा प्रताप के उज्जवल इतिहास को सामने लाने की आवश्यकता जताते हुए वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवनवृत्त एवं समाज और राष्ट्र को दिये योगदान को याद किया।इस अवसर पर कार्यक्रम मे अरविन्द सिंह बबलू, नरेंद्र सिंह, रघुबीर प्रताप सिंह, विवेक सिंह, योगेश प्रताप, अभिषेक सिंह, विपिन सिंह वारी, दीपक सिंह, अतुल सिंह, अनुराग सिंह, अमित सिंह, सर्वजीत सिंह, राजा मौर्या, सूरज सिंह, विजय तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# बरात में गए युवक की पिटाई कर काटा गुप्तांग, बाइक भी तोड़ी, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** निगदिलपुर गांव में बरात में शामिल होने आए एक युवक का किसी बात को लेकर साथ आए चार युवकों से विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी उसे सुनसान स्थान पर ले गए और बेरहमी से पिटाई करते हुए उसका गुप्तांग को काट डाला। आरोपियों ने उसकी बाइक तोड़ डाली और 10 हजार रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए। शर्म के मारे युवक ने परिवार वालों को यह बात नहीं बताई। जब बृहस्पतिवार को उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई। युवक के पिता ने सोरांव थाने में चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।होलागढ़ थाना क्षेत्र के आधार का पूरा गांव का रहने वाले एक व्यक्ति की बरात मंगलवार नौ मई को सोरांव थाना क्षेत्र के नगदिलपुर नसतपुर गांव में गई थी। बरात में शामिल होने के लिए आधार का पूरा गांव का रहने वाला युवक भी गया था। इसी दौरान गांव से बरात में आए कुछ युवकों और साथियों से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि बराती की तरफ से चार युवक को कुछ दूर सुनसान स्थान पर ले गए। आरोपियों ने युवक की बेरहमी से पिटाई की।इसी दौरान आरोपियों ने युवक का गुप्तांग काट डाला। उसके पास से 10 हजार की नकदी लूटकर फरार हो गए। तीन दिन तक युवक शर्म के मारे घटना छिपाता रहा। जब उसकी हालत गंभीर हुई तो पिता ने पूछताछ की। इस पर युवक ने पूरी बात बताई। युवक का पिता उसे लेकर बृहस्पतिवार को सोरांव थाने पहुंचा। युवक के ने चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव में भर्ती कराया, जहां से प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

# सीबीएसई के रिजल्ट में बेटियों का दबदबा 12वीं में 83.95% तो 10वीं में 94.1% छात्राएं पास

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें बेटियों ने अपना परचम लहराया है। छात्रों की अपेक्षा छात्राओं का रिजल्ट बेहतर रहा है। 12वीं में 83.95% और 10वीं में 94.1% छात्राएं सफल हुई हैं जबकि छात्रों की बात करें तो 12वीं में 75.29% और 10वीं में 91.6% छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं प्रयागराज के क्षेत्रीय कार्यालय के तहत 48 जनपद आते हैं जिसमें इंटर में 168217 छात्र-छात्राएं शामिल थे और हाईस्कूल में कुल छात्र-छात्राओं की संख्या 203078 रही। परीक्षा परिणाम आया तो यहां छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल में बुलाकर सम्मानित भी किया गया।

**प्रयागराज में 10वीं में 4984 छात्राएं हुई सफल :** प्रयागराज की बात की जाए तो हाईस्कूल में यहां 5132 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थी जिसमें 4984 छात्राएं सफल रहीं। वहीं हाईस्कूल में छात्रों की कुल संख्या 7795 थी जिसमें 7389 छात्र पास हुए। इसमें साफ है कि सफल होने वालों में लड़कियों की संख्या ज्यादा रही है इसी तरह 12वीं में कुल 4568 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें से 3914 छात्राओं को सफलता मिली है। 12वीं में ही प्रयागराज में 6816 छात्र शामिल हुए थे इसमें 5211 छात्र शामिल हुए हैं। इसमें छात्रों से ज्यादा छात्राएं सफल रही हैं।

**प्रयागराज रीजन इस बार फिर फिसड्डी, 78.5 उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ सबसे निचले पायदान पर**

**प्रयागराज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया। सीबीएसई के पूरे देश में 16 रीजनल आफिस हैं। प्रयागराज रीजन 16वें स्थान यानी सबसे निचले पायदान पर रहा। प्रयागराज रीजन के परीक्षा परिणाम इस बार भी निराशाजनक रहे। 12वीं के परिणामों में सुधार नहीं हो रहा है। यहां का रिजल्ट 78.5 प्रतिशत रहा।सबसे अधिक 99.91 प्रतिशत छात्र त्रिवेंद्रम जोन में पास हुए हैं जो पहले नंबर पर है। इसके अलावा देहरादून रीजन का भी उत्तीर्ण प्रतिशत प्रयागराज से काफी बेहतर 80.26 प्रतिशत है।

## पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की पैरोल खत्म, आज जाना होगा जेल

**प्रयागराज।** विधायक जवाहर पंडित की हत्या में उम्रकैद की सजा पाए भाजपा के पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की पैरोल (अंतरिम जमानत) शुक्रवार को खत्म हो जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले दिनों उसकी जमानत अर्जी खारिज करते हुए 12 मई को नैनी सेंट्रल जेल में रिपोर्ट करने का आदेश दिया था।आजीवन कारावास की सजा मिलने के बावजूद उदयभान करवरिया को अप्रैल 2022 से पैरोल पर छोड़ जाने के खिलाफ विपक्षीगण ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसमें लंबे वक्त तक पैरोल दिए जाने का विरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने आपत्ति सही मानी और फिर प्रकरण इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा। यहां उदयभान की नियमित जमानत पर सुनवाई हुई हाईकोर्ट में विपक्षीगण ने सबूत के साथ कहा कि उदयभान इलाज कराने के नाम पर हासिल पैरोल का दुरुपयोग कर रहा है। वह पार्टियों में जा रहा है।

आपराधिक लोगों से भी मुलाकात कर रहा है। इसके बाद हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका निरस्त करते हुए 12 मई को नैनी जेल प्रशासन के रिपोर्ट करने का आदेश दिया था। यह पैरोल शुक्रवार को खत्म हो रही है। 1996 में हुए विधायक जवाहर पंडित हत्याकांड में उदयभान करवरिया, उसके भाई सूरजभान करवरिया और कपिलमुनि करवरिया को आजीवन कारावास की सजा हुई है।

## न्यूज झरोखा

### सी.बी.एस.ई कक्षा 12वी एवं 10वी के नतीजे घोषित

**प्रयागराज।** महर्षि विद्या मन्दिर नैनी का सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम सालभर का कठिन परिश्रम का परिणाम सुनकर छात्रों में खुशी की लहर फैल गई । केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 12 मई 2023 को कक्षा 12 एवं 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । सुन्दर परिणाम को देखकर छात्रों में खुशी का ठिकाना न रहा । महर्षि विद्या मन्दिर के 12 वीं परीक्षा परिणाम के अनुसार दिव्यांशु चौहान विज्ञान संकाय 94.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया द्वितीय स्थान पर निकिता यादव जीव विज्ञान से 94.6% अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया । 94.2% अंक प्राप्त कर वाणिज्य संकाय का छात्र शिशिर पाण्डेय तृतीय स्थान पर अपना कदम रखा । अदिति सिंह वाणिज्य संकाय 93.2% हासिल कर चौथे स्थान पर विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया । विज्ञान संकाय का छात्र रितम तिवारी ने 91.2% अंक प्राप्त कर पाँचवे स्थान पर रहे ।कक्षा दसवीं का परीक्षा परीणाम सत प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम स्थान पर 95.5% अंक के साथ काजल विश्वकर्मा ने अपना झंडा फहराया द्वितीय स्थान पर तुषार कुशवाहा 94.67% अंक प्राप्त कर अपनी गरिमा बनाई मनसी द्विवेदी ने 94.5% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपने परचम को फहराया । विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने सभी मेधावी छात्रों की सरहाना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया इस गरीमा मयी परिणाम से छात्रों के साथ शिक्षक भी प्रसन्न रहें आपस में मिठाईयाँ बाँटकर अपनी अपनी खुशहाली का आदान प्रदान किया ।

### अंशज पटेल डॉक्टर बन समाज का करना चाहता है सेवा



**घूरपुर।** सीबीएससी बोर्ड में घूरपुर क्षेत्र के बादलगंज गांव के अंशज पटेल इंटर का रिजल्ट आया तो परिजनों सहित गांव में खुशियों का माहौल छा गया। परीक्षा के समय स्वास्थ्य खराब होने के बाद भी अंशज ने 86प्रतिशत अंक प्राप्त किया। अंशज बताता है कि वह डॉक्टर बन समाज की सेवा करना चाहता है । अंशज क्षेत्र के इरादतगंज स्थित सेंट मैरी कांवेंट स्कूल का छात्र है। मां पुष्प सिंह पटेल शिक्षा मित्र है। पिता लाल चंद्र पटेल होम्योपैथिक चिकित्सक हैं।

## सीबीएसई बोर्ड में भी बेटियों ने मनवाया अपना लोहा

**न्यू आरएसजे कक्षा 12 की काजल यादव व सेंट्रल एकेडमी के स्वास्तिक ने किया टॉप**

**झूंसी।** सीबीएसई बोर्ड ने शुक्रवार को हाईस्कूल व इंटर के परीक्षा परिणाम घोषित किये। जिस तरह यूपी बोर्ड में बेटियों ने अपना लोहा मनवाया था उसी प्रकार सीबीएसई बोर्ड में भी बेटियों ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर लड़को के पीछे छोड़ दिया। छतनाग स्थित न्यू आरएसजे स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 12 की छात्रा काजल यादव ने इतिहास व राजनीतिक विज्ञान में सत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। हाईस्कूल में दिव्यांशु सरोज एव सहर्ष कुमार सिंह 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आवास विकास कालोनी झूंसी स्थित सेंट्रल एकेडमी के हाईस्कूल के छात्र स्वास्तिक जायसवाल 97 प्रतिशत व इंटर प्रिंशी सिंह 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम आई। न्याय नगर पब्लिक स्कूल में इंटर की यशस्वी मिश्रा, मधुरेश तिवारी, अंशु यादव, श्रेया तिवारी 92 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है, हाईस्कूल के छात्र मनीष कुमार 97, स्वाति सिंह 96, पीयूष सिंह, तनुश्री कुशवाहा, खुशी 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

### एमआरएस की मुग्धा ने रचा इतिहास

**झूंसी।** सीबीएससी बोर्ड इंटर और हाईस्कूल के नतीजे शुक्रवार को घोषित हुए। पटेलनगर झूंसी स्थित मुंसी रामानन्द सिंह स्कूल एन्ड कालेज की कामर्स की छात्रा मुग्धा ने इकोनॉमिक्स में 99 व एकाउंट में 95 नंबर प्राप्त कर अपना परचम लहराया। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद सिंह ने बताया कि विद्यालय के इंटर में मो. मुजस्सम, आसना यादव, चांदनी, शुभम भारद्वाज, अभिषेक सोनी, आयुष पांडे, हर्ष दिक्षित, नितेश भारतीया ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता पिता के साथ स्कूल का मान बढ़ाया है। सभी सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय के शिक्षकों ने मिठाई खिला कर बधाई दी। इस अवसर पर राघवेंद्र श्रीवास्तव, आनंद सिंह उर्फ पिंटू, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रोफेसरों की गिरफ्तारी न होने पर छात्रों ने पूतला फूंका

अखंड भारत संदेश

**बोले- जब विवि में महिला प्रोफेसर ही सुरक्षित नहीं, तो छात्राओं की सुरक्षा कैसे होगी**





**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अनशन स्थल पर छात्र नेता अजय यादव सम्राट के नेतृत्व में छात्रों की एक आपात बैठक बुलाई गई। जिसमें इकोनॉमिक्स विभाग के तीन यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसरों के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर चर्चा की गई। वहीं चर्चा के बाद सभी छात्रों ने तीनों आरोपी प्रो. मनमोहन कृष्णा, जावेद अख्तर, प्रहलाद कुमार और कुलपति का पूतला लेकर विश्वविद्यालय परिसर में भ्रमण किया। कुलपति दफ्तर के सामने सभी का पूतला फूंका। तीनों प्रोफेसरों और कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।छात्र नेता अजय यादव सम्राट ने कहा यौन शोषण २-२३ आरोपी प्रोफेसरों के कुकृत्य से छात्रों में व्यापक आक्रोश है। जिसे लेकर आज सभी छात्र एक जुट होकर तीनों आरोपी प्रोफेसरों सहित कुलपति का पूतला फूंक कर विरोध दर्ज किया गया। कुलपति संगीता श्रीवास्तव पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुलपति तीनों आरोपी प्रोफेसरों को संरक्षण दे रही हैं, इसलिए अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

**विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन की मिलीभगत :** छात्र नेता राहुल पटेल ने कहा कि शनिवार को लगभग 15 दिन हो गए। विश्वविद्यालय के तीन यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर, जिनके नाम कोर्ट से एनपीडब्ल्यू जारी हुआ है। कोर्ट ने इन्हें गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है, लेकिन इलाहाबाद विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन की मिलीभगत से अभी तक तीनों आरोपी प्रोफेसरों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। कहीं ना कहीं यह विश्वविद्यालय प्रशासन और जिला प्रशासन पर काला धब्बा है। कहा कि जब विश्वविद्यालय का प्रोफेसर ही आरोपी हो जायेगा और महिला प्रोफेसर के साथ यौन उत्पीड़न होगा, तो विश्वविद्यालय में हमारी छात्राएं कैसे सुरक्षित रहेंगी।

**गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे :** छात्र नेता हरेंद्र यादव ने कहा कि हम लोग पिछले 15 दिनों से लगातार विश्वविद्यालय में तीन आरोपी प्रोफेसरों के खिलाफ धरना दे रहे हैं और पुतला फूंक रहे हैं, लेकिन अब तक तीनों आरोपी प्रोफेसरों की गिरफ्तारी नहीं की गई। कहा है कि पुलिस प्रशासन से यह सवाल है कि अब तक आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है। क्या ऊपर से प्रशासनिक दबाव बन रहा है या विश्वविद्यालय के कुलपति का दबाव बन रहा है? कहा कि यदि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल नहीं भेजा गया, तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे।इस मौके पर छात्र नेता गौरव गोड, हरेंद्र यादव, गोलू पासवान, राहुल पटेल, मुबाशिर हारून, आलोक तिवारी, विकास, अभिषेक सिंह, मयंक पटेल, प्रियांशु विद्रोही, सचिन पटेल, अनुराग यादव, निखिल, प्रशांत, अरबाज, शक्ति, सरफराज, राहुल सरोज और समीर आदि लोग उपस्थित रहे।

## योगाभ्यास से होता है शरीर एवं मन स्वस्थ : विनय कुमार

**मुविवि ने मातादीन का पूरा में लगाया योग जागरूकता शिविर**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गए गांव मातादीन का पूरा, प्रयागराज स्थित नामवर इंटर कॉलेज के प्रांगण में स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं महिला अध्ययन केंद्र के सहयोग से योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । समारोह में कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने कहा कि योगाभ्यास से शरीर एवं मन स्वस्थ रहता है। योग ऐसी परिस्थितियों का निर्माण करता है जिससे हम सकारात्मक दिशा की ओर उन्मुख होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग के क्षेत्र में कैरियर से जुड़ी अपार संभावनाएं हैं। योग से ही अनुशासित जीवन पद्धति का विकास होता है। कुलसचिव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, प्रतिभागियों तथा नामवर इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक के प्रति आभार व्यक्त किया।जागरूकता शिविर में योग प्रशिक्षक डॉ अमित कुमार सिंह ने योग के सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक दोनों स्वरूपों के बारे मे सविस्तार जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने योग की वर्तमान में उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम के प्रारंभ में संयोजक डॉ ज्ञान प्रकाश यादव एसोसिएट प्रोफेसर, प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा, द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ मीरा पाल, डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ सत्येंद्र बाबू, डॉ अमरेंद्र कुमार यादव, सुश्री सौम्या तिवारी, पृथ्वी श्री मिश्रा, श्वेता सिंह, ओम बाबू शर्मा, चंद्रशेखर तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## बिल्डर के घर असलहों से लैस बदमाशों ने बोला धावा, नकदी समेत लाखों के गहने उड़ाए, मची खलबली

**आधा दर्जन से ज्यादा की संख्या में आए थे नकाबपोश बदमाश, सीसी टीवी कैमरे में कैद हुए**




**झूंसी।** पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट, सीसी टीवी फुटेज से हो रही बदमाशों की तलाश झूंसी। थाना क्षेत्र के पीडीए की त्रिवेणीपुरम कालोनी के गंगा सेक्टर में बृहस्पतिवार की रात असहलहों से लैस आधा दर्जन से ज्यादा नकाबपोश बदमाशों ने बिल्डर के घर पर धावा बोल दिया। शातिर बदमाशों ने बिल्डर के घर की दूसरी मंजिल के कमरों में घुसकर जमकर लूटपाट की। शातिर बदमाशों ने लाखों रुपए कैश के साथ ही सोने-चांदी के आभूषण भी पार कर दिए थे। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची और तफ्तीश की। बाद में बिल्डर की तहरीर पर शुक्रवार को अज्ञात नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। घटना से बिल्डर और उनका परिवार बुरी तरह डरा-सहमा हुआ है।थाना क्षेत्र के पीडीए की त्रिवेणीपुरम कालोनी के गंगा सेक्टर निवासी दिनेशचंद्र मिश्र बिल्डर हैं। उनकी चामूंडा? बिल्डर एवं डेवल्पर्स नाम से फर्म है। उनके तीन मंजिले मकान में बृहस्पतिवार की रात आधा दर्जन से ज्यादा नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोल दिया। शातिर बदमाश असलहों से लैस थे। उनकी पूरी करतूत घर के भीतर और बाहर लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है। दिनेशचंद्र ने बताया कि रोज की तरह बृहस्पतिवार की रात में भी वह पत्नी और बेटे संग पहली मंजिल के कमरे में सोए हुए थे। रात तकरीबन डेढ़ बजे आधा दर्जन से ज्यादा असलहों से लैस नकाबपोश बदमाशों ने घर पर धावा बोल दिया। बदमाश मकान के निचले हिस्से भीतर दाखिल हुए थे। शातिर बदमाश मकान के दूसरी मंजिल पर पहुंचे और चैनल तोड़कर भीतर दाखिल हो गए। इसके बाद शातिर बदमाशों ने कमरे में रखी लोहे की आलमारी का ताला तोड़कर भीतर रखा तकरीबन सवा लाख रुपये नकद और लाखों के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। घर में घुसे बदमाशों ने तकरीबन एक घंटे तक विभिन्न कमरों में घूम-घूम कर तलाशी ली। नकाबपोश बदमाशों ने ग्राउंड फ्लोर पर बिल्डर के जरुरी जमीन संबंधी कागजात भी गायब कर दिए थे। बदमाशों के जाने के बाद भुक्तभोगी बिल्डर दिनेशचंद्र को घटना की जानकारी हुई तो सहम गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची और तफ्तीश की। बाद में बिल्डर की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। घटना से बिल्डर दिनेशचंद्र और उनका परिवार बुरी तरह डरा-सहमा था। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुटी हुई थी।

## 24 मई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे अतीक के हत्यारे

**तीनों को 14 दिन के लिए भेजा गया था न्यायिक हिरासत में**

**प्रयागराज।** अतीक और अशरफ के तीनों हत्यारोपियों को आज शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रयागराज के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने तीनों शूटरों लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य और शनि सिंह को 14 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इन तीनों को प्रतापगढ़ जेल में रखे जाने का आदेश दिया गया है।पिछले माह 29 अप्रैल को जस्टिस दिनेश कुमार गौतम की कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश कराया गया था। कोर्ट ने तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अब आज इसकी सुनवाई होगी। बता दें कि सुरक्षा के दृष्टिगत तीनों आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट के समक्ष उपस्थित कराने का निर्णय लिया गया है। तीनों अभी प्रतापगढ़ जेल में बंद है।

**16 अप्रैल को काल्विन अस्पताल में की थी हत्या :** तीनों शूटरों ने 15 अप्रैल की रात उस समय अतीक और अशरफ पर गोलियां चलाई थी जब दोनों को मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (काल्विन) में मेडिकल टेस्ट के लिए ले जाया गया था। अंदर घुसने के पहले ही तीनों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई थी और दोनों भाईयों को वहीं पर मार गिराया था। तीनों मीडियाकर्मी के भेष में यहां अंदर पहुंचे थे। हालांकि तीनों पुलिस कस्टडी में हैं। दरअसल, 16 अप्रैल को तीनों शूटरों को प्रयागराज के ही नैनी सेंट्रल में रखा गया था लेकिन उसी जेल में अतीक के दूसरे नंबर का बेटा अली भी बंद है। पुलिस को इनपुट मिले थे कि तीनों पर हमले हो सकते हैं। यही कारण रहा है कि 17 अप्रैल को ही तीनों को प्रतापगढ़ जेल में शिफ्ट करा दिया गया था।

# फैसले का दिन किसके सिर सजेगा शहरी सरकार का ताज, सुबह आठ बजे शुरू होगी मतगणना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर निगम चुनाव की तस्वीर शनिवार दिन में एक बजे तक साफ होने की उम्मीद है। इसी के साथ यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि शहरी सरकार का ताज किसके सिर पर सजेगा। महापौर और पार्षदी के लिए मुंडेरा मंडी परिसर में सुबह आठ बजे से मतगणना होगी। पार्षदी का पहला परिणाम सुबह 10 बजे तक आ जाने की उम्मीद है। वहीं आठ नगर पंचायतों की मतगणना भी संबंधित तहसीलों में निर्धारित स्थलों पर होगी। मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुंडेरा मंडी परिसर तथा आसपास का क्षेत्र छावनी में तब्दील रहेगा। महापौर और पार्षदी की मतगणना एक साथ 56-56 टेबल पर होगी। इसके अलावा पोस्टल बैलेट मतों की गिनती अलग टेबल पर होगी। इस दौरान मतदान कर्मियों के अलावा प्रत्याशी या अभिकर्ता मौजूद रहेंगे। हालांकि मतगणना टेबल एवं अभिकताओं के बीच में बेरिकेडिंग होगी। ज्यादातर टेबल पर दो-दो वार्ड की मतगणना होगी।नगर पंचायतों की मतगणना पांच-पांच टेबल पर संबंधित तहसीलों में निर्धारित स्थलों पर होगी। डीएम संजय कुमार खत्री ने बताया कि मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन आयोग के सभी निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

**कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण, रैंडमलाइजेशन हुआ**

बुधवार को अनुपस्थित रहने वाले मतगणना कर्मियों को बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण दिया गया। कुल 120 कर्मचारियों को बुलाया गया था। इनमें से पांच अनुपस्थित रहे। इनसे अनुपस्थित रहने का कारण पूछा गया है। यदि वाजिब कारण नहीं हुआ तो एफआईआर लिखाने के साथ अन्य कार्रवाई की जाएगी।

**जहांगीराबाद वार्ड का सबसे पहले परिणाम आने की उम्मीद**

वार्ड संख्या 31 जहांगीराबाद का परिणाम सबसे पहले आने की उम्मीद है। चूंकि, मतगणना 31 राउंड तक चलेगी। ऐसे में महापौर पद का परिणाम दिन में तीन बजे के बाद आने की उम्मीद है। हालांकि, दिन में एक बजे तक ही तस्वीर साफ होने की उम्मीद है। महापौर और पार्षदी दोनों पदों के लिए गिनती 56-56 टेबल पर होगी। इनमें से एक-एक टेबल पर बैलेट मतों की गिनती होगी। टेबल आरओ वार लगाए जाएंगे और टेबल पर दो-दो वार्ड की गिनती होगी। इस तरह से पहले टेबल पर एक तथा फिर दूसरे वार्ड की गिनती होगी। चूंकि शुरू के 70 तक सात-सात वार्ड पर एक-एक आरओ बनाए गए हैं। ऐसे में 10 आरओ चार-चार टेबल पर मतगणना कराएंगे और हर चौथे टेबल पर सिर्फ एक वार्ड की गिनती होगी। इसके बाद 71 से 100 तक छह-छह वार्ड पर आरओ बनाए गए हैं। इनमें भी टेबल संख्या 54 एवं 56 पर एक-एक वार्ड 96 एवं 100 की गिनती होगी। टेबल संख्या 50 पर वार्ड 89 एवं 90 की गिनती होगी और यहां सबसे अधिक 31 राउंड हैं। ऐसे में इस टेबल पर सबसे देर तक गिनती की चलेगी। वार्डों के परिणाम की बात करें तो वार्ड 31 जहांगीराबाद में सबसे कम छह बूथ हैं और इसकी गिनती भी पहले चरण में हो जाएगी। ऐसे में इस वार्ड का परिणाम सबसे पहले आने की उम्मीद है।वहीं दूसरे चरण की गिनती वाले वार्ड 90 शाहगंज गढ़ीसराय में 19 बूथ हैं। ऐसे में इसका रिजल्ट सबसे देर से आने की उम्मीद है। हालांकि शम्स नगर वार्ड में सबसे अधिक 26 बूथ हैं लेकिन इसकी गिनती पहले चरण में ही हो जाएगी।

**विजय जुलूस रहेगा प्रतिबंध :** नगर निगम तथा पंचायतों के विजयी प्रत्याशी या उनके समर्थक जुलूस नहीं निकाल सकेंगे। इसे पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। प्रशासन की ओर से इस आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के दावे किए जा रहे हैं। इसके विपरीत मुंडेरा मंडी के बाहर राजनीतिक दलों तथा पार्षद प्रत्याशियों के कार्यालय खुल गए हैं। मतदान के दौरान इन पर भारी जमावड़ा भी रहेगा। ऐसे में जुलूस पर प्रतिबंध के फरमान को लागू करा पाना प्रशासन के लिए चुनौती होगी।

**सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ वीडियोग्राफी भी :** मतगणना प्रक्रिया पर सीसीटीवी कैमरा से नजर रखी जाएगी। मुंडेरा मंडी परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ में हर आरओ के पास भी सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इसके अलावा हर छोटी-बड़ी घटना की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। हर आरओ के साथ वीडियोग्राफर होंगे।

**प्रत्याशी या अभिकर्ता में से रह पाएगा कोई एक :** मतगणना स्थल पर प्रत्याशी या उनके अभिकर्ता में से कोई एक ही रह पाएगा। चूंकि महापौर के लिए 56 टेबल पर एक साथ मतगणना होगी। इसलिए हर प्रत्याशी के 56-56 अभिकर्ता बनाए गए हैं। इनके अलावा संबंधित वार्ड के पार्षद प्रत्याशी या उनके अभिकर्ता मौजूद रहेंगे। मतगणना में हर टेबल पर चार-चार कर्मचारी होंगे।




**निकाय मतगणना स्थल प्रयागराज**

नगर निगम- मुंडेरा मंडी परिसर

**नगर पंचायत**

लालगोपालगंज- मेवा लाल अयोध्या प्रसाद इंटर कॉलेज सोरांव,
मऊआइमा- मेवा लाल अयोध्या प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज, सोरांव
फूलपुर- मंडी समिति फूलपुर
हंडिया- गोपाल दास ट्रस्ट, हंडिया
सिरसा- जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा,
भारतगंज- जवाहर नवोदय विद्यालय, मेजा
कोरांव- गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव
शंकरगढ़- तहसील परिसर बारा

## आज मुंडेरा मंडी परिसर में होगी मतगणना, आठ नगर पंचायतों की मतगणना संबंधित तहसीलों में निर्धारित स्थलों पर होगी



**प्रयागराज** नगर निगम तथा आठ नगर पंचायतों की मतगणना अलग-अलग यानि, नौ स्थानों पर सुबह आठ बजे से होगी मतगणना के दौरान प्रत्याशियों के अभिकर्ता दो बेरिकेडिंग के बाहर रहेंगे इसके अलावा बीच में जाली भी लगी होगी नगर निगम की मतगणना शनिवार को सुबह आठ बजे से मुंडेरा मंडी परिसर में होगी। वहीं, आठ नगर पंचायतों की मतगणना संबंधित तहसीलों में निर्धारित स्थलों पर होगी इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है नगर निगम में महापौर एवं 100 वार्ड में पार्षद के लिए ईवीएम से वोट पड़े हैं। इनकी गणना मुंडेरा मंडी परिसर में बनाए 56 टेबल पर होगी हर टेबल पर दो वार्ड की मतगणना होगी। अधिकतम दो टेबल पर 31 राउंड की मतगणना होगी उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह ने बताया कि मतगणना की तैयारी की जा रही है। मतगणना के दौरान फोर्स तो तैनात रहेगी ही कई अन्य जा रही है मतगणना के दौरान फोर्स तो तैनात रहेगी ही, कई अन्य पाबंदियां भी लागू की गई हैं मतगणना स्थल पर पानी की बोतल, माचिस, इलेक्ट्रानिक्स उपकरण आदि वस्तुएं प्रतिबंधित रहेंगी। इसके अलावा मतगणना टेबल से अभिकर्ता दूर भी रहेंगे। इसके लिए मतगणना टेबल एवं उनके बीच में दो स्तर की बेरिकेडिंग होगी नगर निगम की मतगणना नगर निगम मुंडेरा मंडी परिसर, नगर पंचायत लालगोपालगंज की मतगणना मेवा लाल अयोध्या प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज, सोरांव में, मऊआइमा की मतगणना मेवा लाल अयोध्या प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज, सोरांव में, फूलपुर की मतगणना मंडी समिति, फूलपुर में हंडिया की मतगणना गोपाल दास ट्रस्ट, हंडिया में, सिरसा की मतगणना जवाहर नवोदय विद्यालय, मेजा में, भारतगंज की मतगणना जवाहर नवोदय विद्यालय, मेजा में, कोरांव की मतगणना गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज, कोरांव में, शंकरगढ़ की मतगणना तहसील परिसर, बारा में होगी।

## पुलिस आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुण्डेरा मण्डी स्थित मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त रमित शर्मा एवं जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने मुण्डेरा मण्डी स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत सभी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने के निर्देश दिये है। मतगणना निर्धारित समय पर शुरू होगी। नगर पंचायतों में मतगणना के लिए दो नगर पंचायतों पर एक ए0डी0एम स्तर के अधिकारी तैनात किए गये है। मतगणना स्थल पर प्रकाश, शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए है।

# न्यू एंजिल्स में इंटर का छात्र अंशु चावला रहा अव्वल



अंशु चावला का मुंह मीठा करातीं स्कूल की प्रबंधिका डा0 शाहिदा।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के इंटर के रिजल्ट में सर्वोच्च अंक पाने वाला छात्र अंषु चावला ने 500 में 478 अंक पाकर सर्वोच्च अंक पाने का खिताब पाया है। इस छात्र को एकाउंटेंसी में 100 में 100 तथा एकोनामी में 100 में 99 अंक मिले हैं।

न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने इंटर में 95.6 प्रतिषत अंक पाने वाले छात्र अंषु चावला को तथा अन्य मेधावियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। वैसे इस स्कूल में द्वितीय स्थान पाले वाले सिद्धार्थ वर्मा ने 92.4 प्रतिषत अंक प्राप्त किया है। अन्य मेधावियों में आयुष यादव 89.2 प्रतिषत, सोमेष शर्मा 87.8 प्रतिषत, कुंवर पाल 86.4 प्रतिषत, साक्षी सिंह 85.2 प्रतिषत, नजमुल इस्लाम 85 प्रतिषत, अंषिका केसरवानी 84.6 प्रतिषत, कुमकुम केसरवानी 84.2 प्रतिषत, अनुभव सिंह 83.4 प्रतिषत तथा तान्या द्विवेदी ने 83.4 प्रतिषत पाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। इसी प्रकार हाईस्कूल परीक्षा में न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिषत रहा है।

### हाईस्कूल में निष्ठा पाण्डेय को मिला सर्वोच्च अंक

हाईस्कूल में निष्ठा पाण्डेय ने 472 अंक पाकर सर्वोच्च स्थान पाया है। अन्य मेधावियों में कैलाष यादव 470, सक्षम चावला 464, प्रत्याषा सिंह 456, सिद्धार्थ तिवारी 453, निहाल अली 450, श्रेया पटेल 449, छवि त्रिपाठी 447, आदर्ष ओझा 443, निष्ठा 441 अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार का गौरव बढ़ाया। न्यू एंजिल्स की प्रबंधिका डा0 शाहिदा एवं प्रधानाचार्य वीके सोनी ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

## ऋषि शुक्ला ने 95.8 प्रतिशत अंक पाकर जिले का बढ़ाया मान

**अखंड भारत संदेश**



ऋषि शुक्ला का मुंह मीठा कराते समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य।

**प्रतापगढ़।** सी0बी0एस0सी0 बोर्ड का आज इंटरमीडिएट उत्तीण छात्र ऋषि शुक्ला सुत अरविंद शुक्ला शासकीय अधिवक्ता राजस्व प्रतापगढ़ के पुत्र हैं। इंटर की परीक्षा में 95.8 प्रतिषत अंक पाकर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जिले में द्वितीय स्थान पाने पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल के डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने ऋषि के घर पहुंच कर सम्मानित किया और कहा कि यह बच्चा आगे भी इसी प्रकार अन्य परीक्षाओं में उत्तीण होकर अपने माता पिता एवं जिले का नाम रोशन करेगा। मैं अपने क्लब की तरफ से ऋषि शुक्ला व उनके पूरे परिवार को बधाई देता हूं। इस अवसर पर डॉ दयाराम मौर्य, विवेक उपाध्याय शासकीय अधिवक्ता, देवेंद्र गुप्ता शासकीय अधिवक्ता, संजय कनौजिया, राजकुमार सिंह एडवोकेट, राहुल त्रिपाठी, विक्रम सिंह, बद्री पटेल, राजीव कुमार आर्य, विवेक कुमार आदि ने बधाई दी।

## सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टर परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड की इण्टरमीडिएट परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित हुआ। परिणाम में उत्तीर्ण होने की जानकारी होते ही छात्र छात्राओं मे खुशी छा गयी।

लालगंज अन्र्तगत पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा में सीबीएसई बोर्ड की इण्टरमीडिएट परीक्षा में छात्र छात्राओं की सफलता पर शिक्षकों में भी खुशी का माहौल बना देखा गया। इस विद्यालय की छात्रा आकांक्षा शुक्ला ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही हर्षित मोदनवाल ने 90.6 प्रतिशत, अभिषेक वर्मा 90.4 प्रतिशत, शिवम वर्मा 90.4 प्रतिशत, आयुषी शुक्ला 90.2 प्रतिशत, उदित सिंह 90.2 प्रतिशत, आर्यन मिश्र 90 प्रतिशत, आदर्श श्रीवास्तव 89.8 प्रतिशत, शिवा द्विवेदी 88.8 प्रतिशत व सौरभ यादव ने 88.4 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम दस में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों मे अपना स्थान बनाया। वहीं इस विद्यालय के हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में श्रेयांश गिरि ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान बनाया है। इसके साथ ही रिया मौर्या, राज केसरवानी, सुमन श्रीवास्तव, कीर्ति, अथर्व सिंह, रिचल यादव, साक्षी त्रिपाठी, अनुराग वर्मा, सिद्धार्थ सिंह ने नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय के टॉप टेन मे अपना स्थान बनाया है।

वहीं आइन्सटीन पब्लिक स्कूल धधुआ गाजन के छात्र छात्राओं ने भी सीबीएसई बोर्ड की इण्टरमीडिएट परीक्षा में अव्वल आकर स्कूल का मान बढ़ाया है। विद्यालय के छात्र अर्पित सिंह ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय मे प्रथम स्थान बनाया है। वहीं विद्यालय की छात्रा तान्या मिश्रा को 93.8 प्रतिशत, तनिष्का ओझा को 93.6 प्रतिशत, सहस्त्रा यादव को 92.6 प्रतिशत, अंकुश कनौजिया को 87.6 प्रतिशत, शालू सिंह 87.6 प्रतिशत, स्नेहा वर्मा 87.2, प्रथमेश गुप्ता 86.8, जसवीर सिंह 86.2 व शिवानी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के प्रथम दस मेधावियों मे स्थान बनाया है। प्रबंधक डा. प्रशान्त शुक्ल, निदेशिका रीमा मिश्रा, प्रधानाचार्य संदीप वैश्य, वैभव शुक्ल आदि ने खुशी जतायी है।

## दो किलो अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जनपद के थाना नवाबगंज उ0नि0 अनूप कुमार यादव व उ0नि0 अमित कुमार अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र नवाबगंज के रेलवे स्टेशन परियावां कालाकांकर के पास से एक व्यक्ति सुशील कुमार दुबे पुत्र चन्द्रभाल दुबे नि0ग्राम लोचन खेड़ा शेखपुर नरी थाना कोतवाली नगर जनपद उन्नाव को दो किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना नवाबगंज में मु0अ0सं0 75/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुये लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा।

### अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

उधर जनपद के थाना कुण्डा उ0नि0 शनि कुमार अपने हमराही के साथ देखभाल व क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कुण्डा के बरई मोड़ के पास से अतुल तिवारी पुत्र रमाकान्त तिवारी नि0ग्राम लोकईयापुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ के पास तलाशी के दौरान एक अदद अवैध देशी तमन्चा व 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 156/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा।

### शिक्षामित्र के लापता होने को लेकर उसके पति ने दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्कूल गई शिक्षामित्र लापता हो गयी। उसके पति ने पुलिस को अनहोनी की आशंका जताते हुए शुक्रवार को तहरीर दी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पिचूरा रामगंज निवासी मान सिंह पुत्र स्व. राजबहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी पत्नी रेनू सिंह प्राथमिक विद्यालय कैरा मे शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत है। कुछ दिनों से लालगंज में किराये का कमरा लेकर रह रही थी। बीते तीन मई को रेनू विद्यालय गयी थी। लेकिन उसके बाद से घर नही लौटी। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। काफी खोजबीन के बाद भी लापता शिक्षामित्र के न मिलने पर परेशान पति ने पुलिस को तहरीर सौपी है।

### औद्योगिक क्षेत्र भ्रमण पर निकले बच्चे

**पट्टी, प्रतापगढ़।** यूनिक वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से ग्रामीण छात्रों का दल औद्योगिक भ्रमण पर रवाना हुआ। सरदार बल्लभ भाई पटेल इन्टर कालेज के प्रचार्य श्री बी एल गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ग्रामीण बच्चों को औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण यूनिक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों का विज्ञान विषय के प्रति जानकारी बढ़ने के साथ-साथ नई तकनीक की जानकारी भी मिलती है और बुद्धि का विकास होता है। 100 बच्चों के टीम को सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज बहुता पट्टी प्रतापगढ़ से हरी झंडी दिखाकर सतारिया नैनी प्रयागराज आदि क्षेत्रों में भ्रमण के लिए रवाना किया इस कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुरेष कुमार, जगदीश पटेल, अशोक कुमार पटेल, छविनाथ मौर्य, वीरभद्र पटेल, भीष्म प्रताप सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह एवं छात्र आदि लोग मौजूद रहे।

## रामराज इंटरमीडिएट कालेज में नया सत्र नया सवेरा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### यूपी बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्थानीय विद्यालय रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी प्रतापगढ़ मे नया सत्र नया सवेरा के तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एनसीसी कैडटो द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती वंदना विद्यालय के संस्कृत प्रवक्ता प्रफुल्ल रावत द्वारा की गई विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक डावओपी राय जी का अंग वस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देखकर माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 में विद्यालय में



यूपी बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले सम्मानित होते छात्रगण।

श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि नए शिक्षा सत्र में सभी छात्र छात्राओं नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ नैतिकता एवं शिक्षा शिक्षण हेतु जुड़ जाएं जिससे नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकें कठिन परिश्रम एवं लगन से ही हम सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जीने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक का आभार व्यक्त किया सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में अंशिका पांडे, सिया दुबे, आदित्य मिश्रा, अंशिका पांडे, अल्फिया खान, निधि शुक्ला, आंचल पांडे, अंकुश यादव, महेंद्र शुक्ला राजमणि तिवारी सतीश पांडे राजेश दुबे राकेश मिश्रा जयप्रकाश मिश्र प्रकाश दत्त मिश्र नीलाभ मिश्र प्रमोद दुबे अरुण तिवारी पंकज तिवारी एनसीसी अधिकारी सुरेश मिश्र प्रशस्ति तिवारी अवलेश जितेंद्र मिश्र देवी प्रसाद तिवारी वेद प्रकाश उपाध्याय शेषमणि उग्रसेन यादव जगन्नाथ यादव साधु राम यादव रमेश तिवारी उमाकांत तिवारी विनोद मिश्र अमित बरनवाल बलवंत शिवम धुरिया आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरुण मिश्र ने किया।

## मनरेगा कार्यक्राधिकारी व ग्राम प्रधानों की कहा सुनी का वीडियो हुआ वायरल

### प्रधानों ने मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी पर लगाया पैसा लेने का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकाकर मे शुक्रवार की सुबह लगभग नौ बजे मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी के ब्लाक मुख्यालय कालाकाकर आवास पर ग्राम प्रधानों से मनरेगा काम के प्रस्ताव को पास न करने पर सब्र टूट गया और आवास पर ग्राम प्रधानों व मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी से जमकर हुई पैसे के लेन देन की बहस बाजी का सोशल



मनरेगा कार्यक्रमाधिकारी से बहस करते प्रधान।

मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में ग्राम प्रधानों ने कालाकाकर मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी पर काम पास करने के लिए सुविधा शुल्क लेने का आरोप लगाया जिसमे वायरल वीडियो में कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा बार बार कह रहे है कि हमने कोई पैसा नही लिया, यह सब फर्जी बात है। आक्रोशित ग्राम प्रधानों का कहना है कि मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी ने ब्लाक कालाकांकर मे बीडीओ थे तो हम लोगो से मनरेगा काम के प्रस्ताव को पास करने के लिए पैसा लिया था जिनका कुंडा ब्लाक ट्रांसफर हो गया है लेकिन अभी भी ब्लाक कालाकांकर मे मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी का चार्ज लिए हुये हैं। इस बाबत कालाकांकर मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी जे डी शुक्ला का कहना है कि ग्राम प्रधानों ने जो पैसा लेने की बात कह रहे है, वह बेबुनियाद निराधार है हमने एक भी पैसा नही लिया है। गलत काम कराने के लिए मुझ पर दबाब बनाकर गलत आरोप लगा रहे हैं।

### नगर पंचायत चुनाव को लेकर मतगणना आज, चप्पे चप्पे पर रहेगा पुलिस का पहरा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत चुनाव को लेकर आज होने वाली मतगणना के लिए पुख्ता प्रशासनिक इंतजाम किये गये है। लालगंज ब्लाक सभागार में छः टेबल पर होने वाली मतगणना में प्रत्येक टेबल पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से एक दरोगा व तीन सिपाही मुस्तैद रहेंगे। वहीं ब्लाक परिसर मे जगह जगह खासी संख्या मे पुलिस की मुस्तैदी बनी रहेगी। प्रशासनिक व्यवस्था के तहत जलेशरगंज मोड भेभौरा समेत तीन जगहो पर बैरियर लगाकर आवागमन को व्यवस्थित किया जाएगा। मतगणना के दौरान ब्लाक परिसर के बाहर कालाकांकर मार्ग से गुजरने वाले वाहनो का भेभौंरा वाया वर्मा नगर रूट डायवर्जन भी किया गया है। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि मतगणना को लेकर लालगंज फोर्स के साथ सांगीपुर व संग्रामगढ़ की फोर्स भी मौजूद रहेगी। मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराए जाने को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गयी हैं।

## सदहा में तीन दिवसीय योग शिविर का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लोगों को स्वस्थ रखने के लिए पट्टी तहसील क्षेत्र के सदहा बाजार में स्थित नन्हका देवी दूधनाथ जूनियर हाई स्कूल में तीन दिवसीय योग सत्र का आयोजन किया गया है। योग शिविर की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश पद्मभूषण पुरस्कार सम्मान से सम्मानित महादेव प्रसाद जायसवाल इंटर मीडिएट कॉलेज महादेव नगर, प्रतापगढ़ के पूर्व प्रधानाचार्य, साहित्य शिरोमणि डॉ रामबोध पांडेय ने किया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन का कार्य वरिष्ठ उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह (एस. ओ) चैकी प्रभारी सदहा द्वारा किया गया। तत्पश्चात ज्ञान विज्ञान की नगरी मुंबई (महाराष्ट्र) से पधारे योग गुरु श्याम लाल विश्वकर्मा द्वारा मानव समाज के शारीरिक तथा मानसिक एवं आध्यात्मिक शरीर को आरोग्य को निरोगी बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के प्राणायाम, आसन तथा व्यायाम एवं श्वासोच्छवास का उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों में कुशल अभ्यास कराया गया। इस योग शिविर में योग शिविर प्रशिक्षण कार्यक्रम के कार्यान्वयन/मार्गदर्शन, प्रचार प्रसार में जनगणना राष्ट्रपति पुरस्कृत पूर्व शिक्षक हवलदार सिंह का विशिष्ट योगदान रहा। अगले शेष दो दिनों 13 तथा 14 मई को प्रशिक्षण शिविर में अधिक से अधिक लोगों को सहभागी होने के लिए आह्वान भी किया गया।

## दूरस्थ गांव में बैंक सखी का डिजिटल कैंप का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड बाबागंज के प्रभारी एडीओ आईएसबी राजकुमार मिश्रा और बीएमएस राहुल सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव 2.0 डिजिटल कैंप का आयोजन किया गया। डिजिटल कैंप के अंतर्गत ग्रामीण वासियों को डिजिटल लेन देन बचत खाता पेंशन और बीमा से संबंधित जानकारी दी गई। इसके साथ ही डिजिटल लेनदेन में किस प्रकार सावधानी बरतनी चाहिए उस को विस्तार पूर्वक बताया गया। कैंप के माध्यम से ग्रामीणों में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दिए जाने हेतु कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में बीएमएस राहुल सिंह ने उपस्थित बैंक सखी को बैंक से संबंधित पीएमएस जेवाई, और पीएमयस बीवाइ,फंड ट्रांसफर के बारे में बताया कैंप का आयोजन मुख्य रूप से ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरियावा, डीहबलई, बहोरिकपुर, गोगहर, धमोहन, वजीरपुर गांव में कराया गया। इस अवसर पर बैंक सखी सरिता सरोज, रन्नो यादव ,मंजू देवी, और ग्राम प्रधान के साथ भारी संख्या मे ग्रामवासी लोग मौजूद रहे।

## आमने सामने दो बाइकों की हुई जोरदार टक्कर में तीन युवक लहूलुहान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के वर्मा नगर के पास शुक्रवार दोपहर दो बाइक की आमने सामने हुई भिडन्त में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। लालगंज ट्रामा सेण्टर से चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लालगंज कोतवाली के खजुरी गांव निवासी लवकुश यादव 22 पुत्र रामसहाय यादव अपने साथी शुभम यादव 18 पुत्र महेन्द्र यादव निवासी कालूराम का पुरवा के साथ शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे किसी कार्य से घुइसरनाथ जा रहा था। इधर दूसरी बाइक से चरन का पुरवा गांव निवासी राजेश यादव 30 पुत्र रामखेलावन यादव बाइक से वर्मा नगर जा रहा था। रास्ते मे वर्मा नगर के पास दोनों बाइकों की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमे तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गये। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए घायलों को लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया। यहां चिकित्सको ने गंभीर रूप से घायल राजेश यादव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि अन्य दोनों घायलों का ट्रामा सेण्टर मे इलाज जारी है।

## जीजीआईसी में चैट बूट्स पर हुई जागरुकता कार्यशाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** छात्राओं को स्विफ्ट चैट एप्लीकेशन पर उपलब्ध कराए गए चैट बूट्स के संबंध में जागरूकता कार्यशाला आज की बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में संपन्न हुई। उत्तर प्रदेश शासन एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की मंशा के अनुरूप एवं डॉक्टर ओपी राय जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देश के क्रम में छात्र छात्राओं के लर्निंग आउटकम को बढ़ाने के लिए निदेशक राज्य परियोजना समग्र शिक्षा माध्यमिक उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य के नेतृत्व में गीता प्रधानाचार्य के विशेष सहयोग से एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद अनीश के संयोजन में विद्यालय की छात्राओं को स्विफ्ट चैट एप्लीकेशन पर उपलब्ध कराए गए चैट बूट्स के संबंध में

### विद्यालय की छात्राओं को दी गई जानकारी



विद्यालय की छात्राओं को जानकारी देते शिक्षक

जागरूकता प्रदान की गई।

साथ ही साथ उनके अभिभावकों को भी जागरूक किया गया और उन्हें बताया गया कि विद्यार्थियों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुशंसा के अनुरूप उच्च गुणवत्ता की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिक्षा प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्र छात्राओं के ज्ञान को अधिक बढ़ाने के लिए कई हाइब्रिड ऑनलाइन एव ऑफ लाइन टीचिंग एवं लर्निंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई रचनात्मक प्रयास किए गए हैं जैसे ज्ञान गंगा प्रज्ञान एप्लीकेशन यूट्यूब चैनल सेकेंडरी एजुकेशन व्हाट्सएप वर्चुअल क्लासेस एवं पंख एप्लीकेशन। इसी कड़ी में डिजिटल होम लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए स्विफ्ट चैट एप्लीकेशन के माध्यम से कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को प्रेरित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न उपलब्ध चैट बूट्स का प्रयोग करके छात्र-छात्राओं के लर्निंग आउटकम को बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

### ग्राम विकास अधिकारी के स्थानांतरण की मांग

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जूनियर बार के पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष ने गांव में नियुक्त ग्राम विकास अधिकारी द्वारा लापरवाही किए जाने पर उसके तबादले की मांग की है। तहसील क्षेत्र के पिपरी खालसा गांव के नियुक्त ग्राम विकास अधिकारी ना तो गांव में आते हैं और ना ही कोई कार्य करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा फोन किए जाने पर और फोन भी रिसीव नहीं करते है। ऐसा आरोप लगाकर प्रतापगढ़ जूनियर बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष रवि कुमार द्विवेदी ने इस संबंध में संबंधित ग्राम विकास अधिकारी के स्थानांतरण की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त मुन्ना पुत्र स्व0 सुन्दर निवासी सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम को 1080 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा पॉक्सों एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विकाश कुमार पुत्र राम मनोहर पासी निवासी इटैलीपर शाखा थाना सैनी को कनवार तिराहा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**निरोधात्मक कार्यवाही में छः गिरफ्तार : कौशाम्बी।** साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना सराय अकिल से तीन, थाना संदीपनघाट से एक थाना पिपरी से एक थाना कोखराज से एक कुल छः अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# मतगणना निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की मतगणना प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न करायी जाय तथा सभी आवश्यक कार्यवाही समय से सुनिश्चित कर लिया जाय। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि विजय जुलूस नहीं निकाला जायेंगा। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मतगतणना केन्द्र-एम0वी0कान्वेण्ट स्कूल एण्ड कॉलेज ओसा, भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी एवं बाबू सिंह महाविद्यालय सयांरा का निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें गये।



नगर निकाय मतगणना की बैठक को संबोधित करते डीएम



मतगणना बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

## कौशाम्बी में तीन स्थलों पर होगी निकाय चुनाव की मतगणना

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव की मतगणना शनिवार को जिले के तीन स्थानों पर की जायेगी,भवंस मेहता कालेज भरवारी में नगर पालिका भरवारी,नगर पंचायत चायल,नगर पंचायत चरवा और नगर पंचायत सराय अकिल की मतपेटिकाओ की मतगणना होगी।एम वी कांवेंट स्कूल ओसा में नगर पालिका मंझनपुर,नगर पंचायत करारी और नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा की मतपेटिकाओ की मतगणना होगी।वही बाबू सिंह डिग्री कालेज सयारा में नगर पंचायत सिराथू,नगर पंचायत कड़ा दारानगर और नगर पंचायत अझुवा की मतपेटिकाओ की मतगणना की जायेगी। जिला एवम पुलिस प्रशासन ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली है।जिले में कुल 192 टेबलों पर सभी नगर निकायों की मतगणना की जायेंगी। नगर

**दो नगर पालिका और आठ नगर पंचायत के अध्यक्ष और सदस्यो के भाग्य का होगा फैसला**

पालिका मंझनपुर के अध्यक्ष पद की मतगणना 14 टेबल एवं सदस्य पद की मतगणना 14 टेबल पर की जायेंगी। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद भरवारी के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 14-14 टेबल पर की जायेंगी। नगर पंचायत चायल के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 05-05 टेबल, नगर पंचायत सराय अकिल के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10-10 टेबल, नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 09-09 टेबल, नगर पंचायत करारी के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10-10 टेबल, नगर पंचायत पूरब-पश्चिम शरीरा के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10-10 टेबल, नगर पंचायत अझुवा के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 07-07 टेबल, नगर पंचायत सिराथू के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 07-07 टेबल तथा नगर पंचायत दारानगर-कड़ाधाम के अध्यक्ष व सदस्य पद की मतगणना 10-10 टेबल पर की जायेंगी। मतगणना में कुल 1170 कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है। मतपेटिकाए पुलिस की कड़ी सुरक्षा में रखी गई है,मतगणना के दौरान प्रत्याशियो एवम उनके प्रतिनिधियों को एजेंट बनाया गया है,जोकि मतगणना के दौरान अपना अथवा अपने जन प्रतिनिधियों के मतो की गणना को देखेंगे और लिखेंगे।वही मतगणना स्थल पर किसी को भी मोबाइल ले जाने की इजाजत नहीं होगी।

## न्यूज झरोखा

### एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी, तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई, साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी । सभी जवानों से ऑप्टिकल्स (दीवार कूदना, मंकी रोप, रस्सा चढ़ना, फायर मैन लिफ्ट इत्यादि) का अभ्यास कराया गया तथा सभी जवानों से शस्त्राभ्यास भी कराया गया एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी वाहनों, डीसीआरबी कार्यालय, डायल-112 एवं एमटी शाखा तथा जिम का निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई हेतु कड़े निर्देश दिए गए साथ ही भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### परीक्षा अधिनियम के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त अतुल कुमार पुत्र राम प्रताप निवासी गंगा का पुरवा उमरी बुजुर्ग थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को रहीमाबाद से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### हत्या के चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा चार वांछित अभियुक्त रईस नफीस अनीस पुत्रगण जुम्मन व मेहताब पुत्र नवाब अली निवासी ग्राम निजाम का पुरवा थाना कडाधाम को भोला चौराहा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### धूमधाम से मनाया गया हजरत सैय्यद बाबा का सालाना उर्स



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** सिराथू क्षेत्र के झंडापुर गांव के स्थित हजरत सैय्यद बाबा की दरगाह पर दो दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया ।और पूरे दरगाह शरीफ में आकर्षक सजावट की गई। उर्स के पहले दिन ब्रहस्पतिवार की शाम से शुरू हुआ ।और पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। जियारत का सिलसिला शुक्रवार की शाम तक चला ।हजरत सैय्यद बाबा की खिदमत मे अकीदतमंदों ने फूलो की डालिया पेश की ।चादर चढाने का सिलसिला भी शाम तक जारी रहा। जिसमे जलसा और महफिल-ए-कववाली कार्यक्रम हुए। इसके बाद कुल वा लंगर का कार्यक्रम किया गया ।उर्स के दौरान मोहम्मद अख़्तर प्रधान झंडापुर मोहम्मद वैश ,शफीक अहमद बीडीसी झंडापुर मोहम्मद आकिब , तौसीफ अहमद मोहम्मद फैसल.,नियामत उल्ला प्रधान भटपुरवा मोहम्मद कमर.मौलाना शाबान रजा आदि के देख रेख मे उर्स संपन्न हुआ।

### फीस बकाया होने पर छात्र को परीक्षा से वंचित कर चिलचिलाती धूप में कर दिया खड़ा

**कौशाम्बी।** चायल तहसील के फकीराबाद सराय अकिल स्थित टीआरएस इंटरनेशनल स्कूल का बेहद चौंकाने वाला एक मामला फिर सामने आया है फीस बकाया होने पर छात्र को परीक्षा से वंचित करते हुए चिलचिलाती धूप में घंटों खड़ा कर दिया है फराज अतमम उम्र 7 वर्ष कक्षा 3 का छात्र है शुक्रवार को फराज स्कूल गया तो असेंबली के तुरंत बाद फराज को बाहर निकालकर चिलचिलाती धूप में खड़ा कर दिया गया। प्रबंध तंत्र के फरमान पर क्लास टीचर अनिकेश जायसवाल और प्रिंसिपल नेहा शर्मा ने कहा कि तुम्हारी फीस बकाया है इसलिए तुमको परीक्षा नहीं देने देंगे फराज जब रोने लगा तो 10 बजे अंदर बैठाया और जल्दी ही कॉपी ले ली। इस तरह से फराज ठीक से परीक्षा भी नहीं दे पाया। घर आकर फराज ने जब अपनी मां से हाल रो-रोकर बताया तब तक उनके अब्बू अतमम अली भी स्कूल से आ गए। फोन करने पर प्रिंसिपल ने कहा आपके बच्चे की फीस बकाया है हम क्यों उसको पढ़ाएं। जब तक फीस नहीं जमा करोगे इसी तरह बच्चे को धूप में खड़ा किया जाएगा। स्कूल जाकर जब मैनेजर राहुल सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा अगर फीस जमा नहीं हुई तो आपके बच्चे का नाम काट दिया जाएगा। अतमम अली ने कहा कि अगर फीस नहीं जमा थी तो आप हमे सूचना देते बच्चे को खड़ा करने की क्या जरूरत थी। ये तो आरटीई ऐक्ट का उल्लंघन है। इस बात पर राहुल और नेहा ने कहा कि हमे कानून की धमकी मत दीजिए। इस तरह के न जाने कितने ऐक्ट आते हैं और जाते हैं कुछ फर्क नहीं पड़ता। अब ताज्जुब का विषय ये है कि अगर स्कूल की फीस जमा नहीं थी तो इसमें बेचारे सात वर्ष के फराज का क्या कसूर...? उसको टॉर्चर क्यों किया गया। और ये टॉर्चर इतना जबरदस्त था कि तीन बजे दोपहर तक फराज के आंसू रुक नहीं रहे थे। एक तरफ जहां आरटीई भारत के समस्त बच्चों को भयमुक्त, तनावमुक्त वातावरण में शिक्षा दिलाने का दावा करता है वहीं दूसरी ओर ऐसे मैनेजमेंट वाले स्कूल लगातार बच्चों और अभिभावकों का शोषण करते हैं। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भी ये स्कूल इतने निरंकुश क्यों हैं। अतमम अली ने बताया कि स्कूल जाकर फीस जमा कर दी गई है मगर स्कूल स्टाफ का बर्ताव अभी भी ठीक नहीं है। फराज को रोने की वजह से बुखार आ गया है। वह अभी तक डरा हुआ है।

# कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम



परीक्षा परिणाम आने के बाद जश्न मानती छात्राएं



परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्राओं को मिठाई खिलाती संस्थान की डायरेक्टर

**अखंड भारत संदेश**

**100% रहा परीक्षा परिणाम**

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा सीबीएससी बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा आज दिनांक 12 मई 2023 को हुआ परीक्षा परिणाम देखते ही छात्र एवं छात्राओं तथा अध्यापकों के चेहरे खिल उठे और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया और बधाई दिया हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में सर्वज्ञ रस्तोगी 95% रुद्रांश तिवारी 94.6 %, कृतिका कौशल 93.4% , यति रस्तोगी 93%, सेजल केसरवानी 93% मोहम्मद फराज 92.6%, सनी पटेल 92.4%, कृपाशंकर 92% गोपाल मोदनवाल 91.4% ओजस्वी साहू 90.8%, कशिश मिश्रा 90.8%, अंशिका सिंह 89.2 %, वही इंटरमीडिएट में शैलजा त्रिपाठी ने 96.2% , सातु त्रिपाठी 93.3% आर्यन गुप्ता 93.2% भास्कर शुक्ला 91.8% अंकित चौधरी 90.8% अक्षित द्विवेदी 90.6%, सुबिक्षा त्रिपाठी 90%,, वर्तिका 89.8%, मयंक त्रिपाठी 89.6%, पूर्णिमा 89.2 %, आदित्य अग्रहरी 89%, प्रभात द्विवेदी 89% अंक प्राप्त किया संस्थान के चेयरमैन एवं निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बच्चों की अभूतपूर्व सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया और अपने संदेश में कहा कि सफलता कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम होता है शिक्षा के ही माध्यम से परिवार ,समाज ,देश का विकास संभव होता है शिक्षा प्राप्त करना सभी का मूल अधिकार होता है संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने सभी छात्र एवं छात्राओं को उनके इस परीक्षा परिणाम पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि शिक्षा के ही माध्यम से आप अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। रिजल्ट कार्यक्रम के दौरान एन .डी स्कूल एंड कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार मिश्रा मधुबन पटेल कुलदीप पाल नारायण तिवारी सौरभ सिंह शशांक श्रीवास्तव विकास पांडे प्रकाश दीपक खरवार सचिन त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### शत प्रतिशत रहा भवंस मेहता का सीबीएसई परीक्षा परिणाम

**भरवारी कौशाम्बी।** सीबीएससी के परीक्षा परिणाम में भवंस मेहता विद्यालय भरवारी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा भवंस मेहता विद्यालय भरवारी के इंटरमीडिएट परीक्षा में 77 छात्रों ने परीक्षा दी थी सभी 77 छात्र पास हो गए हैं इसी तरह भवंस मेहता विद्यालय के हाई स्कूल में 48 छात्रों ने परीक्षाएं दी थी 48 छात्र पास हो गए हैं शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों में उत्साह का माहौल रहा शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना कर उन्हें बधाई दी है भवन्स मेहता विद्यालय का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम आने के बाद शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया है विद्यालय के डायरेक्टर निदेशक ने भी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है सीबीएसई परीक्षा के परिणाम में नाजिम नाज को 88. 8 प्रतिशत आकांक्षा सिंह को 86.6 प्रतिशत अंशिका तिवारी को 86.4 प्रतिशत हनी जयसवाल ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### शराब के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 32 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मैकू लाल निषाद पुत्र स्व0 स्वरूप निवासी महेवा उपरहार थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 7 लीटर अवैध शराब व घनश्याम निषाद पुत्र बोधन निवासी महेवा उपरहार थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब व लवलेश पुत्र फगुना निवासी महेवा उपरहार थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 7 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार पुत्र जयपाल सोनकर निवासी नारा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

**चोरी के बकरा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सदीपनघाट पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त अल्फाज पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी बड़ागांव थाना संदीपनघाट को बलिहावा मोड के पास से चोरी एक राशि बकरा व घटना में प्रयुक्त के एक अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**वारण्टी अभियुक्ता गिरफ्तार :** कौशाम्बी थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्ता शोभा देवी केशरवानी पत्नी सन्तोष कुमार केशरवानी निवासी सहावपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया है।

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही :** कौशाम्बी जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 126 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# पीसीएस परीक्षा-2023 को निष्पक्ष पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण कराया जाय सम्पन्न : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकां के साथ बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेंगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दियें। जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस परीक्षा-2023 दिनांक 14 मई 2023 को जनपद के 06 परीक्षा केन्द्रों यथा-भवन्स मेहता महाविद्यालय, भवन्स मेहता विद्याश्रम, कस्तूरबा गॉधी बालिका इंटर कॉलेज, महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज, नेशनल इंटर कॉलेज एवं दुर्गा देवी इंटर कॉलेज में आयोजित की जा रहीं है। परीक्षा में कुल 2636 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली-प्रातः 09:30 से 11:30 एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक आयोजित की जायेंगी। परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए 02 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 06 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आधार कार्ड बनाने के नाम पर मची है लूट!

## बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक : बैंक प्रबंधकों की लचर व्यवस्था के चलते आधार कार्ड बनाने और संशोधन के नाम पर होने वाली वसूली वर्षों बाद भी नहीं हो सकी बन्द

**अखंड भारत संदेश**



आधार कार्ड के नाम पर वसूली करता कर्मी

**कौशाम्बी।** आधार कार्ड बनाने के नाम पर बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक तिल्हापुर शाखा में आधार कार्ड काउंटर खोले गए हैं काउंटर में मौजूद कर्मचारी द्वारा आधार कार्ड बनाने और संशोधन के नाम पर लूट मचा दी है जिससे आधार कार्ड में संशोधन और नया आधार बनवाने आने वाले ग्राहकों में भारी आक्रोश व्याप्त है बैंक में खुलेआम आधार कार्ड संशोधन और नए बनाने के नाम पर लूट मचाने वाले कर्मी पर बैंक के प्रबंधक भी अंकुश नहीं लगा सके हैं बताया जाता है कि नये आधार कार्ड बनवाने पर 200 और संशोधन के नाम पर 300 रुपए बेखौफ तरीके से खुलेआम लिये जाते हैं जिस ग्राहक ने कर्मी की अवैध वसूली का विरोध किया उसका आधार कार्ड नहीं बनाया जाता है पूरे जिले में आधार कार्ड बनाने के नाम पर ग्राहकों से बेखौफ तरीके से वसूली हो रही है जिले के अन्य कस्बों में स्थित बैंकों में भी आधार कार्ड बनाने के लिए खोले गए काउंटर में तैनात कर्मी द्वारा 200 से लेकर 300 तक की वसूली की जा रही है नियम विरुद्ध तरीके से वसूली किए जाने के मामले को संबंधित बैंक के प्रबंधक ने अवैध वसूली को संज्ञान लेकर वसूली में लिप्त कर्मी पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया है जिससे बैंक के शाखा प्रबंधक पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं सरकार ने बैंक में आधार कार्ड बनाने और संशोधन का आदेश इसी उद्देश्य से दिया था कि बैंक में आधार बनाने और संशोधन के नाम पर होने वाली वसूली बंद हो जाएगी लेकिन बैंक प्रबंधकों की लचर व्यवस्था के चलते आधार कार्ड बनाने और संशोधन के नाम पर होने वाली वसूली वर्षों बाद भी नहीं बंद हो सकी है। आधार कार्ड बनाने के नाम पर पूरे जिले के बैंक शाखाओं में खुले आम हो रही वसूली के बाबत अभी तक बैंक प्रबंधक ने उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुए वसूली में लिप्त कर्मी पर मुकदमा दर्ज कराने का ठोस प्रयास नहीं किया है जिससे उनकी भी लापरवाही संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता ग्राहकों से खुलेआम वसूली में लिप्त आधार आपरेटर को किसी भी अधिकारी का खौफ नहीं है वह मनमानी तरीके से ग्राहकों से वसूली करने में लगा हुआ है आधार बनाने के नाम पर बैंक के अंदर खुलेआम रिश्वत लेते हुए आधार आपरेटर के वीडियो वायरल होने के बाद भी अभी तक आपरेटर पर कोई कार्रवाई शाखा प्रबंधक द्वारा नहीं की गई है इलाके के लोगों ने लीड बैंक प्रबंधक के साथ-साथ जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आधार कार्ड बनाने के नाम पर वसूली करने वाले कर्मी पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है सवाल उठता है कि जिन ग्राहकों से आधार कार्ड बनाने और आधार कार्ड संशोधन के नाम पर अवैध वसूली की गई है क्या जांच के बाद उन ग्राहकों की रकम वापस कराई जाएगी या फिर अवैध वसूली करने वाले लोग अवैध वसूली कर मालामाल होते रहेंगे।

# कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भीटी के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई परीक्षा में लहराया परचम

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** महगाव भीटी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सीबीएससी बोर्ड के परीक्षा में परचम लहराया है विद्यालय के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा सीबीएससी बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा 12 मई 2023 को हुई परीक्षा परिणाम देखते ही छात्र एवं छात्राओं तथा अध्यापकों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया और बधाई दिया। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में आदित्य यादव 89.8 प्रतिशत अनुज वर्मा 89.6 प्रतिशत शिवांश मिश्रा 88.6 प्रतिशत दीपांशु यादव 88 प्रतिशत रेहान अली 84.4 प्रतिशत स्वेतांक 84 प्रतिशत आयुष 81.2 प्रतिशत आयुष यादव 81.2 प्रतिशत जानवी गुप्ता 80.8 प्रतिशत दीक्षा कुशवाहा को 80.4 प्रतिशत अंक मिले हैं वही इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में रिंकू दिवाकर को 89.6 प्रतिशत मन केसरवानी को 88.8 प्रतिशत दीपा यादव को 86.8 प्रतिशत प्रिंस कुशवाहा को 85.2 प्रतिशत एंजलीना 81.8 प्रतिशत आनंद सागर को 80.8 प्रतिशत वैभव कुमार को 80 प्रतिशत प्रमोद कुमार को 77.6 प्रतिशत गार्गी गुप्ता को 76.4 प्रतिशत अभिनव कुमार को 76.2 प्रतिशत दीपांजलि केसरवानी को 75 प्रतिशत अंक मिले हैं। संस्थान के चेयरमैन एवं निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बच्चों की अभूतपूर्व सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया और अपने संदेश में कहा कि सफलता कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम होता है शिक्षा के ही माध्यम से परिवार ,समाज ,देश का विकास संभव होता है शिक्षा प्राप्त करना सभी का मूल अधिकार होता है संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने सभी छात्र एवं छात्राओं को उनके इस परीक्षा परिणाम पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि शिक्षा के ही माध्यम से आप अपने सपनों को साकार कर सकते हैं ।रिजल्ट कार्यक्रम के दौरान एन .डी स्कूल एंड कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार मिश्रा कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल भीटी महगाव के प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी , अखिलेश सिंह ,सुचिता गुप्ता , नीलम खरवार, प्रगति केशरवानी, योगेंद्र मिश्र , योगेश पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।



परीक्षा परिणाम आने के बाद शिक्षक के साथ उपस्थित छात्र-छात्राएं

## जन संपादकीय

# खुशी सफलता की चाबी है

मानव जीवन रूपी गाड़ी के सुख और दुख, खुशी और गम रुपी दो ऐसे पहिए हैं जिसके बगैर जीवन रूपी गाड़ी चलना मुश्किल है, क्योंकि ऊपर वाले ने सृष्टि में मानव जीवन की रचना कर सफलताओं और सहायता के लिए ही यह दोनों पहियों को मानव जीवन में संचारित किए हैं।खुशी मनीषियों के अहंकार, अहम, अभिमान से अलंकृत होने का न्योता भी साथ-साथ देती है तो गम मनीषियों को सबक, सीख, नम्रता, सद्भाव सीखने का न्योता देता है, याने जीवन के दोनों पहियों से मानव को कौशलता से सीखने की जरूरत है।

जब दोनों पहियों रूपी परिस्थितियों में मानव खुशरंग जीवन जीने की कला अपनी कौशलता से सीख लेगा तो अपने जीवन की गाड़ी को सफलता से अपने ऊंचे मानवीय सकारात्मक स्तरों को छू लेगा और मनुष्य जीवन के लिए एक मिसाल कायम कर अपना, अपने कुल और राष्ट्र का नाम ऊंचा करने का सामर्थ प्राप्त करेगा क्योंकि खुशी सफलता की चाबी है।

साथियों बात अगर हम जीवन के एक पहिए खुशी की करें तो खुशियों को हम खुद अपनी कौशलता से अपने जीवन की छोटी-छोटी बातों में ढूंढ कर खुशी का आनंद ले कर खुश रह सकते हैं जो विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक पल ढूंढकर, खुशी का इजहार कर अपने कौशलता से दूसरों को प्रोत्साहित कर मानवता धर्म को अदा कर ही सकते हैं। हम अगर सृष्टि में देखें तो कैसे कांटो के बीच भी गुलाब का फूल शिद्दत से खिलता मुस्कुराता रहता है,बस, यह तो हमारे लिए बहुत बड़ी सीख की ओर इशारा है।

साथियों बात अगर हम हमारे जीवन के पलों पर जमाने छिटाकशी की करें तो हमने1974 में आई हिंदी फिल्म अमर प्रेम का गाना,, कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना, छोड़ो बेकार की बातें, सुनें होंगे इसलिए हमें चाहिए कि दूसरों की तारीफों का मोहताज नहीं बनकर अपने कार्य का स्वयं मूल्यांकन कर अच्छे कार्य पर स्वयं गर्व कर खुश रहें!और क्या विपरीत, क्या गलत हुआ उसका स्वतः संज्ञान लेकर उसमें सुधारात्मक उपाय करने पर भी खुशी का एहसास करना होगा, क्योंकि हमने अपने जीवन की कमी को ढूंढ कर उसे सुधारात्मक उपाय से सुधार कर आगे बढ़े यह भी एक खुशी की बात है!!हर कमी में सुकून, सकारात्मकता और खुशी ढूंढ लोगों के साथ खुशियों को साझा करें, दूसरों की खुशियों में भी खुश रहें, मन में सुकून ग्रहण करने की आदत अपनाएं।

साथियों बात अगर हम जीवन के हमारे दुख रूपी पहिए की करें तो हम हमारे जीवन के दुख के क्षणों में हमें अपने को ऊपर कर अपनी आंखें अपने से नीचे झुकाकर देखना चाहिए कि हमारे से ज्यादा अधिक दुःखी कितने मनीषी जीव हैं और हृदय, मस्तिष्क में यह बात संचारित करें कि इनसे तो हम हमारे दुख बहुत छोटे हैं याने हम दुखों में भी अपनी खुशी ढूंढ तो बस, फिर क्या, जीवन की गाड़ी के दोनों पहियों में हमारे हृदय की सकारात्मक भावना को संचारित करें तो हम पाएंगे कि हमसे ज्यादा कोई खुश है ही नहीं।

साथियों बात अगर हम जीवन की छोटी-छोटी बातों की करें तो उसमें हमें ढेर सारी खुशियां मिल सकती है मसलन अपनी तुलना किसी से ना करें, हमेशा सकारात्मक पहलू पर ध्यान दें, लोगों के साथ खुशियों को बांटे, वह कार्य करें जिसमें खुशियां मिले, जो खुश रहते हैं ऐसे लोगों से मिलिए, आत्मविश्वास से भरपूर रहे, मनपसंद किताबें पढ़ें, समस्या है तो समाधान सोचे, कुछ स्पेशल और अच्छा सोचें, हमेशा चेहरे पर मुस्कान रखें, पुरानी अच्छी बातों को याद रखें, मन को बच्चे जैसा साफ रखें, अपने परिवार व बच्चों के साथ समय बिताएं, प्यार पाने को प्यार करना सीखे, छोटी-छोटी सफलताओं पर खुशियां मनाएं, 6 से 8 घंटे नींद पूरी लें इत्यादि अनेक बातों पर ध्यान देने और अपनाने की कोशिश करें तो खुशियों का एहसास आपको जरूर नजर आएगा।

साथियों बात अगर हम स्वयं को खुश रखने की करें तो, आप स्वयं ही अपने आपको प्रसन्न कर सकते हैं। प्रसन्नता कोई अपने आप आने वाली चीज नहीं है। इसके लिए आपको लगातार कोशिश करनी होगी। जब आपको दूसरों की खुशी में ही खुशी मिलने लगेगी तो आप खुशी के भीतर छिपा राज जान लेंगे। याद रखें कि खुशी हमेशा किसी वस्तु की इच्छा, प्रशंसा या कुछ करने में नहीं होती। जीवन की छोटी-छोटी बातों में खुशियां तलाशें और मानकर चलें कि आप प्रसन्न हैं। कोई भी अपना मनपसंद काम करके खुशी पा सकता है। यदि आप मनचाहा काम करने जा रहे हों तो आपको सच्ची प्रसन्नता मिलती है। कुछ रचनात्मक कार्य करें, बेकार व्यक्ति कभी भी खुशी नहीं पा सकता। अपनी इच्छाएं सीमित करके अपने साधनों से संतुष्ट रहने में ही सच्ची खुशी छिपी है। जो लोग कुछ नहीं कर सकते उनके पास काम ही नहीं होता। खुशी का एक रहस्य यह भी होता है कि आप अपने हुनर से समाज, परिवार, सहकर्मियों व अपने काम आएं।

साथियों बात अगर हम छोटी छोटी चीजों में खुशियां ढूंढने की करें तो, कभी कभार जो खुशी या संतुष्टि हमें बड़ी से बड़ी चीज में नहीं मिलती वह हमें छोटी सी बात में मिल जाती है। किसी को घूमने में खुशी मिलती है तो किसी को पेंटिंग करने से, कोई गाकर खुश हो जाता है तो कोई किसी से बात करने के बाद खुशी महसूस करता है। आपको अपने जीवन बस वह छोटी सी बात की ही जरूरत है और अगर आपने उस खुशी को वाकई ढूंढ़ लिया तो आप बड़ी से बड़ी परेशानी से भी निजात पा लेंगे। क्योंकि खुशी सफलता की चाबी है।

साथियों बात अगर हम मनोवैज्ञानिक विचारों की करें तो, मनोवैज्ञानिक भी कहते हैं कि हमारे लिए अपने जीवन की हर छोटी-बड़ी चीज की सराहना करना बहुत जरूरी है, खुश और सकारात्मक रहने के लिए, लेकिन आमतौर पर, हम इसके विपरीत करते हैं। हम अपने जीवन में जो कुछ भी है उसकी सराहना नहीं करते हैं और अन्य चीजों को न कर पाने से निराश हो जाते हैं, ये अक्सर हमारी मानसिक शांति को छीन लेता है और हम जीवन में अधिक से अधिक होने के लिए अनावश्यक प्रतिस्पर्धा करते रहते हैं। लेकिन हममें से कुछ लोग हैं, जो अपने जीवन में छोटी-छोटी चीजों से खुश हो जाते हैं।

# परिवार ही घर को मन्दिर बनाता है

**ललित गर्ग**



**देश** एवं दुनिया को परिवार के महत्व को बताने के लिए विश्व परिवार दिवस हर साल 15 मई को मनाया जाता है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है। प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है, यही कारण है कि अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस परिवार संस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को परिवार के प्रति जागरूक करना है ताकि युवा तथाकथित आधुनिक के प्रवाह में अपने परिवार से दूर न हों।

परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा- मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा- मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। इस दिवस मनाने की घोषणा सर्वप्रथम 15 मई 1994 को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने की थी। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत अहमियत रखता है। बढ़ती जवाबदारी और जरूरतों को पूरा कर पाने का भय ही वह मुख्य कारण है जो अब संयुक्त परिवारों के टूटने का कारण बना है। जबकि वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहाँ है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न-भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से बुढ़ापा कांप उठता है। संयुक्त परिवारों का विघटन और एकल परिवार के उद्भव ने जहां बुजुर्गों को दर्द दिया है वहीं बच्चों की दुनिया को भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर-दूर तक नही होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बढ़ती महंगाई और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं। हम पुराने युगों की बात करें या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर भी बात करें तो आज की ही तरह पहले भी परिवारों का विघटन हुआ करता था। लेकिन आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है और उसने जीवन को जटिल से जटिलतर कर दिया है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। समाज की परिकल्पना परिवार के बगैर अधूरी है और परिवार बनाने के लिए लोगों का मिलजुल कर रहना व जुड़ना बहुत जरुरी है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि अनुभव करते हैं। भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक परिवार के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की।

ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर-परिवार कहलाता है जिसके साथ मैं और मेरापन जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर-परिवार का एक-एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख-दुख एक-दूसरे के मन को छूता है। प्रियता-अप्रियता के भावों से मन प्रभावित होता है। घर-परिवार जहां हर सुबह रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जुगाड़ में धूप चढ़ती है और आधी-अधूरी चिंताओं का बोझ ढोती हुई हर शाम घर-परिवार आकर ठहरती है। कभी लाभ, कभी हानि, कभी सुख, कभी दुख, कभी संयोग, कभी वियोग, इन द्वंद्वात्मक परिस्थितियों के बीच जिंदगी का कालचक्र गति करता है। भाग्य और पुरुषार्थ का संघर्ष चलता है। आदमी की हर कोशिश घर-परिवार बनाने की रहती है। सही अर्थों में घर-परिवार वह जगह है जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन सुख-दुख की साझेदारी, सबमें सबक होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का पूरा अवकाश है। अनुशासन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली से जीता है। वृद्धत्व जीए गए अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसा घर-परिवार निश्चित रूप से पूजा का मंदिर बनता है।

संयुक्त परिवारों की परम्परा पर आज धुंधलका छा रहा है, परिवार टूटता है तो दीवारें भी ढहती हैं, आदमी भी टूटता है और समझना चाहिए कि उसका साहस, शक्ति, संकल्प, श्रद्धा, धैर्य, विश्वास बहुत कुछ टूटता/बिखरता है। क्रांति और विकास की सोच ठंडी पड़ जाती है और जीवन के इसी पड़ाव पर फिर परिवार का महत्व सामने आता है। परिवार ही वह जगह है भाग्य की रेखाएं बदलने का पुरुषार्थी प्रयत्न होता है। जहां समस्याओं की भीड़ नहीं, वैचारिक वैमनस्य का कोलाहल नहीं, संस्कारों के विघटन का प्रदूषण नहीं, तनावों की त्रासदी की घुटन नहीं। कोई इसी परिवाररूपी घेरे के अंधेरे में रोशनी ढूंढ लेता है। बाधाओं के बीच विवेक जमा लेता है। भीड़ में अकेले रह जाता है। दुख में सुख का संवेदन कर लेता है। घर-परिवार को सिर्फ अपनी नियति मानकर नहीं बैठा जा सकता। क्योंकि इसी घर में मंदिर बनता है और कहीं घर ही मंदिर बन जाता है।

कहते हैं कि आपका काम, रबड़ की गेंद है, जिस पर जितना जोर देते हैं, वह उतना ऊंचा उठता है। पर आपका परिवार कांच की गेंदें हैं, जो हाथ से छूटती हैं तो टूट ही जाती हैं। कई बार हम सब भूल जाते हैं कि जीवन में सबसे जरूरी क्या है। हम इधर-उधर की बातों में इतना डूब जाते हैं कि जो सच में जरूरी है, उसे छोड़ देते हैं। हम परिवार की खुशियों के नाम पर सामान तो खरीदने में लगे रहते हैं, पर उन चीजों पर ध्यान नहीं देते जो परिवार में सबको संतुष्टि का एहसास कराती हैं, सबको जोड़ती है।

परिवार शब्द हम भारतीयों के लिए अत्यंत ही आत्मीय होता है। अपने घर-परिवार में अपने आपका होना ही जीवन का सत्य है। यह प्रतीक्षा का विराम है। यही प्रस्थान का शुभ मुहूर्त है। उम्मीद है जल्द ही समाज में संयुक्त परिवार की अहमियत दुबारा बढ़ने लगेगी और लोगों में जागरूकता फैलेगी कि वह एक साथ एक परिवार में रहें जिसके कई फायदे हैं। इंसानी रिश्तों एवं पारिवारिक परम्परा के नाम पर उठा जिन्दगी का यही कदम एवं संकल्प कल की अगवानी में परिवार के नाम एक नायाब तोहफा होगा।

# किसकी नजर लगी मणिपुर को

**आर.के. सिन्हा**



**अभी** गृह युद्ध में फंसे सूडान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश में वापिस लाने संबंधी खबरें आनी बंद ही हुईं थीं कि मणिपुर में भड़की जातीय हिंसा के कारण वहां पर रहने वाले हजारों अन्य राज्यों के नागरिकों ने अपने प्रदेशों में जाना शुरू कर दिया। करीब-करीब सब राज्य सरकारें अपनेझअपने नागरिकों को मणिपुर से निकालने के लिए विशेष विमानों की व्यवस्था कर रही है। सड़क मार्ग से कोई भी अपनी मंजिल तक नहीं जाना चाहता। सड़क मार्ग फिलहाल असुरक्षित माने जा रहे हैं। बेशक, ये बेहद दुखद स्थिति है कि भारत के ही नागरिक अपने ही देश के एक भाग में भड़की खूनी हिंसा के कारण वहां से जान बचाकर भाग रहे हैं। निश्चित रूप से यह कोई सामान्य घटना नहीं है। क्या भारत इसलिए बना था कि यहां के एक भाग में इतनी हिंसा होगी कि स्थानीय नागरिकों के साथ अन्य प्रदेशों के लोग भी वहां से जान बचाकर भागने की कोशिश करेंगे ? इस प्रश्न पर देश के हरेक जागरूक नागरिक को विचार करना होगा। सच पूछिए तो मणिपुर को किसी की नजर लग गई है। नॉर्थ ईस्ट का यह नन्हा सा राज्य खेलों में सारे देश के लिए उदाहरण पेश करता रहा है। यहां से महिला और पुरुष खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मणिपुर भारत के फुटबॉल के गढ़ के रूप में उभर रहा है। भारत में साल 2017 में हुए अंडर 17 विश्व कप फुटबॉल चैंपियनशिप आयोजित हुई थी। उस भारतीय टीम में आठ खिलाड़ी मणिपुर से थे। हालांकि माना जाता है कि भारत के फुटबॉल की राजधानी पश्चिम बंगाल है। मणिपुर से देश को मेरी कॉम तथा डिंको सिंह जैसे महान मुक्केबाज मिले हैं। क्या मणिपुर बहुत विकसित राज्य है? नहीं। फिर भी यह खेलों में बड़े-बड़े राज्यों से आगे है। पिछले टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारतीय खेमे से मणिपुर के खिलाड़ियों के अभूतपूर्व प्रदर्शन की गूंज को सारा देश गर्व से देख-सुन रहा है। वेटलिफ्टिंग में चानू मीराबाई के शानदार प्रदर्शन से खेलों के पहले ही दिन भारत की बोहनी भी हो गई थी। उन्होंने देश की झोली में सिल्वर मेडल डाला। सब जानते हैं कि मुक्केबाज मैरी कॉम भी मणिपुर से हैं। वे मेरे साथ राज्य सभा में भी रही हैं। आप मैरी कॉम को दादा ध्यानचंद या सचिन तेंदुलकर के कद का खिलाड़ी ही मान सकते हैं। वह छह बार विश्व चैंपियन रहीं और एक बार भारत को ओलंपिक पदक भी जितवा चुकी हैं। इन उपलब्धियों पर मैरी कॉम जितना चाहे फख्र कर सकती हैं। वे अत्यंत ही विनम्र और मिलनसार विदुषी है मणिपुर में महिला खिलाड़ियों की अभूतपूर्व उपलब्धियों से जहां सारे देश को गर्व है, वहीं ये ठोस गवाही भी है कि पूर्वोत्तर भारत नारी सशक्तिकरण के मामले में बहुत आगे बढ़ चुका है। वहां पर बहुत ही कम संसाधनों के बाद भी अभिभावक अपनी बेटियों को खेलों की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते ही रहते हैं। मैरी कॉम और चानू मीराबाई जैसी महिला खिलाड़ी सारे देश की आधी आबादी के लिए प्रेरणा हैं। इन सबने कठिन और विपरीत हालातों में भी अपने देश का नाम रोशन किया है। इन्होंने देश को कितने गौरव और आनंद के लम्हें दिए, इसका अंदाजा तो शायद इन्हें भी नहीं होगा। ओलंपिक जैसे मंच पर अपनी श्रेष्ठता को साबित करना कोई सामान्य उपलब्धि तो नहीं है। आप अपने करियर की रेस में सफल होते हैं, तो आप एक तरह से अपना और अपने परिवार का ही भला करते हैं। इस बीच, मणिपुर के पहले नामवर मुक्केबाज डिंको सिंह थे उन्होंने 1997 में बैंकॉक में किंग्स कप जीता वह भारतीय नौसेना में थे। उन्हें 1998 में थाईलैंड में बैंकाक एशियाई खेलों में मुक्केबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के लिए जाना जाता है। यह दुर्भाग्य है कि उनका कुछ समय पहले कैंसर से निधन हो गया था। मणिपुर में ताजा हिंसा चूरचंद्र जिले में हुई है। इस जिले का नाम उस महान विभूति के नाम पर है जिसने मणिपुर में खेलों को बढ़ावा देने की नींव रखी थी। राजा चूरचंद्र सिंह ने खेलों को बढ़ाने के लिए कई स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया और मुफ़्त में खेल के पुरस्कार भी बाँटें। मणिपुर के खून में खेल है। मणिपुर में कई स्थानीय देवी-देवता हैं, जिनके नाम से जितने भी त्यौहार मनाए जाते हैं, उन अवसरों में भी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। इस बीच, शेष पूर्वोत्तर राज्यों की तरह मणिपुर भी हिंदी सीख रहा है। वहां पर हिंदी समझने,जानने वाले तथा बोलने वाले लोगों की संख्या पर्याप्त हैं। दरअसल पूर्वोत्तर राज्यों में हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार में केन्द्रीय हिन्दी संस्थान का योगदान भी उल्लेखनीय रहा है। संस्थान के तीन केन्द्र गुवाहाटी, शिलांग तथा दीमापुर में सक्रिय हैं। ये तीनों केन्द्र अपने-अपने राज्यों में हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार के विशेष कार्यक्रम चलाते हैं। मणिपुर में हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से सन 1928 से हिन्दी का प्रचार-कार्य शुरू हो गया था। कुछ वर्षों बाद राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा ने अपनी शाखा मणिपुर में खोली। यहां इम्फाल के हिन्दी प्रेमियों ने मिलकर 7 जून, सन 1953 को मणिपुर हिंदी परिषद की स्थापना की। मणिपुर की दूसरी प्रमुख हिन्दी संस्था का नाम मणिपुर राष्ट्रभाषा प्रचार समिति है। अब जरा सोचिए कि इस तरह के आदर्श राज्य में हिंसा का होना कितना दुखद है। मणिपुर में फिर से शांत की बहाली तुरंत होनी चाहिए। राज्य में 1993 के बाद इतनी भीषण हिंसा हुई है। तब एक दिन में 100 से ज्यादा लोगों को मार दिया गया था। अब करीब 60 मौतें हो चुकी हैं। राज्य के सभी प्रमुख समुदायों के नेताओं को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए प्रदेश में शांति बहाल करने में सरकार को साथ देना होगा। हिंसा से कुछ मिलने वाला नहीं है। अगर राज्य में लगातार अशांति और हिंसा जारी रही तो राज्य कहीं का नहीं रहेगा। उधर, सरकार को राज्य के सभी समुदायों के हक में काम करना होगा। सरकार को अपनी नीतियों से साबित करना होगा कि वह सभी वर्गों को लेकर एक समान राय रखती है। उसके लिए सब ही विशेष हैं।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# वेद, उपनिषद और भारतीय धार्मिक ग्रंथों का ज्ञान मानव धर्मार्थ के द्वार खोलता है

**वेद** तथा सनातनी ग्रंथों से मानव जीवन परिष्कृत होता है और सदाचार तथा वैदिक धर्म का ज्ञान मानव धर्मार्थ की खोज में एक यज्ञ की तरह है' भारतीय ऋग्वेद अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी'

गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब,

टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है' व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है' हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता है' पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट हो'

जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत हो' इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान,दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।

यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता,तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन,मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है।

पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफल ना हो,परंतु सफलता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफलता को जन्म देते हैं। श्रम तथा सार्थकता तभी प्राप्त होती है, जब सफलता का आधार प्राप्त हो जाए।

# दिखावा करना सीखो

**डॉ. सुरेश कुमार**

**छीः-छीः** तुमसे यह उम्मीद नहीं थी। क्या तुम दस किलोमीटर दूर ठहरे अपने दोस्त से मिलने चले गए? बड़े कमाल के आदमी हो। बड़े फुर्सतिया हो। तुम कुछ भी हो सकते हो लेकिन शहरी कतई नहीं। शहरी बनने के लिए शहरी मानसिकता भी चाहिए होती है। जो कि तुम्हारे पास बिल्कुल नहीं है। मुझे शर्म आती है तुम्हें मेरा मित्र कहते हुए। कह-कहकर थक गया कि शहरी बनो शहरी। और तुम हो कि वह छोड़कर सब बनने को तैयार हो।ह्य कलाई पर हेल्थ गजट लगाए पैरों में दस हजारी जॉगिंग जूता पहने मोटी सी तोंद को महंगे टी-शर्ट के लबादे सुपुर्द कर चुके हमारे मित्र ने अल्प अचरज हीन दृष्टि से मुझे लताड़ते हुए कहा। मैंने महाभारत युद्ध के पहले दिन अर्जुन की मुद्रा धारण किए अपने मित्र से शहरी होने का ज्ञान सीखने की इच्छा जताई। यह सुन वे टूट पड़े झ शहर में जीने का मतलब झूठ बोलना आना चाहिए। बिना सच के शहर हो सकते हैं बिना झूठ के कतई नहीं। अगर कोई जाना-पहचाना शहर आए और कहे कि मैं फलाँ जगह ठहरा हूँ क्या हम मिल सकते हैं तो इसका जवाब फट से मुँह उठाकर नहीं दे देना चाहिए कि मैं निरा फुर्सत में हूँ। और तुम्हारी राह ही जोह रहा हूँ। तुम कितने भी फुर्सत में रहो, लेकिन कोई मिलने आए तो तुम्हारी फुर्सत फुर्र हो जानी चाहिए। नहीं तो सामने वाला समझेगा कि इसके पास कोई काम-धाम है ही नहीं। लगता है बड़ी फुर्सत में रहता है। उसके सामने ऐसे भाव दो कि तुम्हारे बिना शहर चल नहीं सकता। या यूँ कहो कि तुम्हारे जैसों की वजह से ही शहर सांस ले पा रहा है। । क्योंकि बच्चू! यह शहर है, धर्मशाला नहीं कि मुँह उठाया और चल दिए। शहर में लोग बेमतलब बगल वाले से ठीक मुँह बात नहीं करते और तुम हो कि दोस्त से मिलने चले गए। तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से ही शहर की हवा खराब हो चली है। यहाँ बसने वाले में एक गुण हमेशा रहना चाहिए। अपने काम निकलवाने तक सबको अपना बाप बनाते चलो। काम खत्म दुकान बंद। मतलब अपना काम हो जाने के बाद तुम कौन हम कौन जैसी रणनीति अपनानी चाहिए। जिस शहर में जितना कचरा होता है वह उतना डेवलप्ड होता है। यहाँ कचरा उठाने वाला भी व्यस्त होता है। उसके पास खुद का कचरा उठाने का टाइम नहीं होता।

# खुशी हो या गम: बरतें संयम - अजीत सिंह

## निकाय चुनाव में सलाह



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मतगणना के बाद चाहे हार हो या जीत दोनों ही स्थिति में शान्ति व संयम की जरूरत है। न तो हार को हताशा में लेने की जरूरत है और न जीत की दशा में उन्माद पैदा करने की आवश्यकता है। सबसे ज्यादा जिम्मेदारी समर्थकों पर है। सभी हार हो या जीत जनादेश का सम्मान करें। शान्ति व सौहार्द का माहौल बनायें रखें। शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने नगर निकाय चुनाव में नगर पालिका कर्वी समेत राजापुर, मानिकपुर व मऊ में प्रत्याशियों व समर्थकों से धैर्य व संयम बरतने की अपील की है। वार्डों में जिलें में सर्वाधिक उम्मीदवार हैं। हर प्रत्याशी के अपने समर्थक और अनुयायी हैं। जीतेगा कोई एक, लेकिन हारने वाले ज्यादा होंगें। ऐसे में हार को हताशा मे कतई लेने की जरूरत नहीं हैं। सभी जनता की भावना और जनादेश का सम्मान करें। चुनाव जीतने वाले सभासद और समर्थक भी यह ध्यान रखें कि कोई भी उन्माद पूर्ण कार्य न करें। ऐसे नारे न लगाएं जिनसे अन्य लोगों की भावनाएं आहत हों। चुनाव हारने वाले सभासद आत्म चिंतन करें कि आखिर उनके चुनाव में कहां कमी रह गई। इस बार न सही जनता उन्हें आगे मौका देगी। इसी तरह अध्यक्ष पद का नगर पालिका और निकायों में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार और समर्थक आत्म संयम बरतें। 13 मई को चुनाव परिणाम कहीं खुशी और गम देंगे। ऐसे में दोनों ही स्थितियों में संयम की सबसे बड़ी जरूरत है। सभी स्थानीय लोगों ने चुनाव लड़ा और जनता के सामने अपने -अपने मुद्दे गिनाएं। जनता ने किसी एक को चुनकर जनादेश का ठप्पा लगा दिया है। जनता की भावना का सम्मान करिये और शान्ति व सौहार्द का माहौल पहले की तरह बरकरार रखिए। बेवजह किसी से झगड़ा विवाद न करिये और न ही किसी की भावना को उकसाइये।

## चुनाव बाद जीत-हार की गणित शुरू

### -आधा दर्जन प्रत्याशियों ने मान ली पराजय- भाजपा प्रत्याशी से सभी मान रहे अपनी टक्कर



अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। नगर निकाय अध्यक्ष व सदस्य पदों के चुनाव सम्पन्न होने पर जीत-हार की गणित जगह-जगह शुरू है। मानिकपुर, राजापुर व मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर किसी राजनीतिक दल के जादू चलने के जहां आसार नहीं दिख रहे, वहीं कर्वी नगर पालिका अध्यक्ष पद में भाजपा का जादू चलने का कयास लोग लगा रहे हैं। एकाध प्रत्याशी तो अपनी पराजय सार्वजनिक तौर पर स्वीकार करने लगे हैं।

नगर निकाय चुनाव सम्पन्न हो गये हैं। 13 मई को कर्वी की मतगणना चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी में तो राजापुर नगर पंचायत व मानिकपुर नगर पंचायत तथा मऊ नगर पंचायत की मतगणना तहसील मुख्यालय पर होगी। अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के बीच जीत-हार की गणित समर्थक उतनी तेजी से नहीं लगा रहे, जितनी कि सदस्य पद के प्रत्याशी लगाने में जुटे हैं। कर्वी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद को 11 प्रत्याशी मैदान में रहे हैं। इस बार सभी राजनैतिक दलों ने अपने चुनाव चिन्ह से अध्यक्षों व सदस्यों को चुनाव लड़ाया है। सपा से इस बार चुनावी समर में महज एक प्रत्याशी ही चुनावी समर में रहा है, जबकि भाजपा से बागी होकर निशी सोनी ने चुनाव लड़ा है। इस बार नगर पालिका परिषद कर्वी में आम आदमी पार्टी ने प्रमोद सोनी को चुनाव में उतारा है। सपा में कोई बागी प्रत्याशी न होने का सपा को बड़ा लाभ मिलने की बात से कोई इंकार नहीं कर रहा है।

जीत-हार की गणित में जुटे लोगों का मानना है कि इस बार के चुनाव में सपा का जादू चलने के आसार दिख रहे हैं, लेकिन भाजपा सपा को कडी टक्कर देती नजर आ रही है। निशी सोनी व प्रमोद सोनी मैदान में न उतरते तो भाजपा की नइया पार होने में किसी को संदेह नहीं था। सदस्य पदों की भी यही स्थिति होगी। भाजपा-सपा प्रत्याशी के जीतने की चर्चा में लोग खासे मशगूल हैं। अध्यक्ष पद के आधा दर्जन से ज्यादा प्रत्याशियों ने तो सार्वजनिक तौर पर अपनी पराजय स्वीकार कर कहा कि इस बार चुनाव भाजपा व सपा प्रत्याशी जागेश्वर यादव के इर्द-गिर्द घूम रहा है। सभी प्रत्याशियों के केन्द्र बिन्दु नरेन्द्र गुप्ता रहे हैं। उनके साथ समर्थकों ने दगा किया है, जबकि शानदार चुनाव लड़े भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता का दावा है कि चुनाव उनके पक्ष में जायेगा। बसपा प्रत्याशी कुशल सिंह पटेल के भी दावे किसी से कमजोर नहीं हैं। जीत की उनकी भी गणित गजब की है। उनके दावे हैं कि शहर में बसपा के मतदाता खासे बढ़ गये हैं।

मानिकपुर नगर पंचायत व राजापुर नगर पंचायत तथा मऊ नगर पंचायत में भी किसी राजनीतिक दल का जादू न चलने की चर्चा जोरों पर है। मानिकपुर में जहां निर्दल रानी कोल व निर्दल ऊषा देवी भारती के बीच चुनाव का फैसला होना लोग मान रहे हैं, वहीं राजापुर नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी संजीव मिश्र व निर्दल श्रीमती आदर्श द्विवेदी के बीच चुनाव का फैसला होने की चर्चा गरम है। जीत के प्रति खासे आशान्वित प्रत्याशियों ने मतगणना के दौरान जाबांज किस्म के एजेण्टों को उतारने का फैसला किया है, ताकि किसी तरह की कोई हेराफेरी व मतों को अवैध घोषित न करा सके। जरा सी भी गडबड़ी पर बुलंदी से दूसरे एजेण्ट से भिड़ सकें।

## प्रशिक्षण के इच्छुक तीस तक दें आवेदन: सुनहरीलाल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने पिछड़ा वर्ग के युवक/युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराती है। जिले की ऐसी संस्थाएं जो भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त हो, प्रशिक्षण दिलाने को इच्छुक हैं। ऐसी संस्था विभागीय वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप में 15 से 30 मई तक आनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। दिशा-निर्देश समय सारणी वेबसाइट पर प्रदर्शित है।
शुक्रवार को उन्होंने बताया कि संस्था में ऑनलाइन आवेदन करने के बाद मान्यता से सम्बन्धित अभिलेख व प्रारूप पर नोटरी शपथ-पत्र का विवरण अपलोड करने के साथ हार्डकॉपी/प्रिन्टआउट प्राप्त कर हस्ताक्षरित अभिलेख उपलब्ध संसाधनों से विवरण समेत निदेशक, पिछडा वर्ग कल्याण उत्तर प्रदेश 10वॉ तल, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग लखनऊ-226001 के कार्यालय एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय सोनेपुर में निर्धारित तिथि 30 मई तक जमा कर सकते हैं।

## एंटी रोमियों टीमों ने महिलाओं/बालिकाओं को किया जागरुक



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा व विश्वास बनाये रखने को जारी मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, गांवों आदि स्थानों पर भ्रमण कर जांच की।
शुक्रवार को छात्राओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा व सहायता को शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों 1090 वूमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। महिलाओं/बालिकाओं को जागरूकता पम्पलेट बांटे। सार्वजनिक स्थानों पर पम्पलेट चस्पा किये।

## कानपुर निकाय चुनाव : कई क्षेत्रों में खराब ईवीएम से मतदान में व्यवधान, विरोध में बवाल

**कानपुर। यहां आज** खराब ईवीएम से गुरुवार सुबह 7 बजे से निकाय चुनाव के लिए शुरू मतदान में भारी व्यवधान का सामना करना पड़ा। इसके विरोध में कई वार्डों में प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने बवाल भी किया। जिन्हें पुलिस ने प्रशासन के अधिकारियों ने बड़ी मुश्किल से समझा बुझाकर शांत कराया।
आज सुबह सात बजे से निकाय के लिए शुरू मतदान की गति काफी धीमी भी रही। लेकिन इसके बाद झुलसा देने वाले सूर्यदेव के प्रचंड प्रकोप के बाद भी मतदाता अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए मतदान का प्रयोग करने के लिए घरों से निकले। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपने अपने मतों का प्रयोग किया।
आज हुए निकाय चुनाव के लिए हुए मतदान के दौरान कई क्षेत्रों में खराब ईवीएम और फर्जी वोटिंग के आरोपियों के चलते बवाल की भी नौबत आई लेकिन पुलिस की सक्रियता ने कुछ भी अप्रिय घटित नहीं होने दिया। इसी के साथ कई वार्डों में खराब ईवीएम न् भी लोगों को बवाल का भी मौका दिया। इससे कई केन्दों में मतदान काफी देर तक प्रभावित भी रहा। सुबह नौ बजे तक महापौर पद के लिए 42 और पार्षद पद पर 45 ईवीएम खराब हुई। कई बूथ पर मॉक पोल तक नहीं हो सका। यहां ईवीएम की खराबी के कारण करीब दो घटें तक मतदान ठप रहा।
इस कारण मतदाताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।
वहीं वोटर लिस्ट में नाम गायब होने के फलस्वरूप सैकड़ों लोग मतदान करने से भी वंचित रहे ,जिससे उनमें रोष भी देखा गया` निकाय चुनाव के लिए इस मतदान में लगभग सभी जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लियो मतदान के दौरान सबसे ज्यादा भीड़ भारतीय जनता पार्टी के बस्तों पर देखी गई` जबकि समाज वादी पार्टी दूसरे नंबर पर रही` मतदान के शुरूआती दौर में पहले दो घंटे में मतदान का प्रतिशत अधिक रहा। इक्का दुक्का मतदान केंद्रों पर महिलाओं की लाइन भी दिखाई दी। इस दौरान सभी बूथों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे।
इस बीच मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस की टीमें लगातार मतदान केंद्रों के अलावा शहर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए गश्त करती रहीं।
इस चुनाव में भाजपा की प्रमिला पांडेय ने मेयर के लिए जहां दूसरी बार भाग्य आजमाया है। वहीं समाजवादी पार्टी की वंदना बाजपेई पहली बार मैदान में उतरीं हैं। इसी तरह से कांग्रेस के टिकट पर आशनी अवस्थी ने भी पहली बार ही भाग्य आजमाया है ।

## सद्गुरु पब्लिक स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12वीं के अव्वल आये परिणाम

### नतीजों में छात्राओं ने मारी बाजी




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** परमहंस सन्त श्री रणछोड़दास जी महाराज की कृपा से संचालित सद्गुरु शिक्षा समिति के सद्गुरु पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल की कक्षा 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम सीबीएसई ने घोषित किया है। नतीजे आते ही छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी। कक्षा में काजल तिवारी पुत्री रमाकांत तिवारी 90.8 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विष्णु तिवारी पुत्र रविशंकर तिवारी 89.8 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय, श्रद्धा दुबे पुत्री सुनील दुबे 89 फीसदी अंक के साथ तृतीय, मोनिका गुप्ता पुत्री श्याम सुन्दर गुप्ता 88.6 फीसदी अंक के साथ चतुर्थ एवं समीक्षा पाण्डेय पुत्री सुरेश पाण्डेय 85.6 फीसदी अंक के साथ पांचवे स्थान पर रहे।
शुक्रवार को प्राचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि इस वर्ष कुल 92 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 65 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 19 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए। सद्गुरु शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ऊषा जैन, ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र-छात्राओं को उनके कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी। आगामी सफल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं को कुशल मार्गदर्शन एवं शिक्षण के लिए तथा अभिभावकों को दिशा निर्देशों के लिए साधुवाद दिया। यह परीक्षा परिणाम शिक्षक, अभिभावक और छात्रों के सम्मिलित परिश्रम का नतीजा है। पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा एवं सभी के मार्गदर्शन में चित्रकूट के ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी भी सीबीएसई जैसे कठिन परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय, संस्थान एवं चित्रकूट का नाम रोशन कर रहे हैं। कक्षा में शीर्ष पांच स्थानों में से चार पर छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया। ये चित्रकूट की छात्राओं के शैक्षणिक योग्यता एवं कौशल का प्रतीक है।

## भाषण प्रतियोगिता में कोमल-मंजू ने मारी बाजी

### पर्यावरण दिवस पर होंगे कार्यक्रम



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय कर्वी में मिशन लाइफ के तहत भाषण प्रतियोगिता में इस साल पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार ने ह्यमिशन लाइफह्न को केंद्र में रखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को मनाने सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम कराने की रुपरेखा बनाई है।
शुक्रवार को लाइफ का अर्थ है पर्यावरण के लिए जीवन शैली, जिसकी शुरूआत 2021 यूएनएफसीसीसी कॉप-26 दौरान प्रधानमंत्री ने ग्लासगो में आयोजित वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में की थी। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण और जीवन पर विचार रखे। प्रतियोगिता में रिवांशी ओझा, कोमल शिवहरे, आंचल जायसवाल, मंजू देवी, हेमलता, नंदनी जाटव आदि ने हिस्सा लिया। विजयी प्रतिभागी कोमल शिवहरे और मंजू देवी ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने बताया कि ह्यमिशन लाइफ का अर्थ ऐसे अभियान से है, जिससे पर्यावरण संरक्षण हो। इसमें हर एक इंसान को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। छोटे से लेकर बड़े-बड़े काम को करते समय पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाने की अपील की। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ राकेश कुमार शर्मा मौजूद रहे। संचालन डॉ गौरव पाण्डेय ने किया। समापन पर धन्यवाद ज्ञापन डॉ हेमन्त कुमार बघेल कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ने किया।

## जांच टीम के हस्ताक्षर बिना लिपिक ने भेजी आख्या

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक में तैनात वरिष्ठ लिपिक के कारनामे खासे गर्म हैं। पहाड़ी ब्लाक के ममसी बुजुर्ग गांव में आवासों के आवंटन की धांधली उच्चाधिकारियों को मिली तो चार सदस्यीय टीम का गठन कर जांच आख्या भेजने को कहा।
शुक्रवार को पहाडी ब्लाक में बडे बाबू के कारनामों की जानकारी मिली। आख्या भेजने को कहा तो चार सदस्यीय टीम की जांच पूरी नहीं हुई। वरिष्ठ लिपिक ने खेल करते हुए बिना जांच टीम के हस्ताक्षर की आख्या उच्चाधिकारियों को भेज दिया, जबकि नियमतः चार सदस्यीय टीम के हस्ताक्षर होने चाहिए। टीम में अध्यक्ष के बतौर वरिष्ठ अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे।
ब्लाक में तैनात वरिष्ठ लिपिक ने चार सदस्यीय टीम में तीन सदस्य के हस्ताक्षर जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजकर गुमराह किया है। उच्चाधिकारियों ने प्रथम दृष्टया पहाड़ी ब्लाक में प्रमोटर एक अधिकारी को दोषी मानते हुए निलम्बन की कार्रवाई कर दी। सवाल है कि वरिष्ठ लिपिक ने किसके कहने पर चार सदस्यीय टीम में शामिल वरिष्ठ अधिकारी के हस्ताक्षर न होने के बाद भी उच्चाधिकारियों को आख्या कैसे भेज दी।

## कड़ी सुरक्षा में रखीं मतपेटियां



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव का परिणाम निकलने में महज आज की रात है। मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा में शहर के एक कालेज में रखा गया। तीन शिफ्टों में पीएसी के जवान सीलबन्द कमरों की सुरक्षा में तैनात हैं।
ज्ञात है कि गुरुवार को नगर पालिका कर्वी, नगर पंचायत राजापुर व मानिकपुर व मऊ के अध्यक्ष/वार्ड सदस्यों के पदों के मतदान के बाद सीलबन्द मतपेटियां कड़ी सुरक्षा में शहर के चित्रकूट इण्टर कालेज में रखा गया है। डीएम अभिषेक आनन्द ने बताया कि मतदेय स्थलों की मतपेटियों को पांच कमरों में रखा गया है। तीन कमरे में कर्वी व एक-एक कमरे में राजापुर व मानिकपुर की सीलबन्द पेटियां रखी हैं।
स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को पीएसी तैनात की गई है। तीन शिफ्टों में पीएसी जवान पांच कमरों की सुरक्षा कर रहे हैं। 13 मई को मतगणना को सवेरे इन कमरों से पेटियां निकाली जायेंगी। मतदान के बाद शहर के 11, मानिकपुर के 12 व राजापुर के 14 तथा मऊ में 20 अध्यक्ष पद के दावेदारों का भाग्य इन मतपेटियों में कैद है। अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे दावेदार तर्क देकर मिलने वालों मतों की चर्चा में मशगूल हैं।

## वारंटी को दबोचा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन की टीम ने खनिज अधिनियम के वारंटी महेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र उमेश चन्द्र मिश्रा निवासी शिवपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा बालकिशुन, सिपाही रविप्रकाश, सिपाही अनुज वर्मा शामिल रहे।

## 60 .47 फीसदी हुआ मतदान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि कुल मतदान प्रतिशत जिले में 60.47 फीसदी हुआ है। मतदान समाप्ति तक कर्वी में 50.9, मानिकपुर में 59.10, राजापुर में 62.20, मऊ में 69.70 फीसदी हुआ है। जिले में मतदान समाप्ति तक 60.47 फीसदी मतदान हुआ है।

## पुलिस टीमों ने बैंकों में देखे कैमरे



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में पुलिस टीमों ने थाना क्षेत्र के बैंक/वित्तीय संस्थानों की जांच की। जांच दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर को देखा। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी निर्देश दिये। सतर्कता से ड्यूटी करने को कहा।
शुक्रवार को पुलिस टीमों ने बैंक में लगे अलार्म/सायरन, सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। सही ढंग से कैमरे कार्य कर रहे है या नहीं। शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी चर्चा की। परिसर में संदिग्ध लोगों की जांच की। अनावश्यक रूप से बैठे लोगों को परिसर से बाहर करने के निर्देश दिये।

## सरकार के लाभकारी योजनाओं पर आराजी लाइन ब्लाक के अधिकारी लगा रहे पतीला

**वाराणसी। उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार स्वच्छता जल संरक्षण पर विशेष जोर दे रही है। पर वहीं दूसरी तरफ वाराणसी जिले के आराजी लाइंस ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहोरवा (द.) सरकार के इन मंसूबों पर मानो पतीला लगा रही है।
देखा जाय तो ग्राम पंचायत मे निमार्णाधीन एसएलडब्ल्यूएम (सालिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट) परियोजना के अंतर्गत कूड़े दान का निर्माण किया जा रहा है परन्तु यह निर्माण कार्य बिल्कुल ही मानक के विपरीत होता दिखाई दे रही है।
सरकार के इस लाभकारी योजना में धड़ल्ले से पुरानी ईट और सफेद बालू का प्रयोग करके जिम्मेदार मानो कोरम पूरा कर रहे हैं, अगर इस योजना को आराजी लाइन ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी मजबूती से धरातल पर उतारे तो ये ग्रामीण जनता के लिए वरदान साबित होगा। यही नहीं देखा जाय तो स्वच्छता के साथ ही जल संरक्षण में भी वरदान साबित होगी परियोजना पूरी होने के बाद न सिर्फ पंचायतों में लोगों के घरों से निकलने वाले जल का प्रबंधन होगा।

## इमरान की पार्टी की एक और नेता व पूर्व मंत्री डॉ. यास्मीन राशिद गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शुक्रवार तड़के पूर्व मंत्री व इमरान खान की अगुवाई वाली पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नेता शिरीन मजारी की गिरफ्तारी के कुछ घंटे बाद एक अन्य पार्टी नेता व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. यास्मीन राशिद को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें इस्लामाबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया



है। पार्टी के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट में इसकी जानकारी देते हुए बताया गया है कि डॉ. यास्मीन राशिद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पार्टी का कहना है कि नेताओं की गिरफ्तारी से पाकिस्तानी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन तो दबाया नहीं जा सकता है।

## इमरान की पार्टी की नेता व पूर्व मंत्री शिरीन मजारी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाली पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) नेताओं के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। शुक्रवार तड़के पार्टी की उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री डॉ. शिरीन मजारी को पुलिस ने राजधानी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। समाचार पत्र डॉन के मुताबिक मजारी



की बेटी और अधिवक्ता इमान हाजिर मजारी ने ट्विटर पर वीडियो साझा किया है जिसमें मजारी की गिरफ्तारी से जुड़े कुछ फुटेज हैं। पार्टी की तरफ से डॉ. मजारी की गिरफ्तारी को शर्मनाक करार दिया गया है।इससे पहले पीटीआई के कई नेताओं को गिरफ्तार किया गया जिसमें इमरान खान सहित असद उमर, फवाद चौधरी, शाह महमूद कुरैशी, अली मोहम्मद खान और सिनेटर एजाज चौधरी सहित दूसरे नेता शामिल हैं। इन सभी को मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर की धारा तीन के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## जर्मनी में रिहायशी इमारत में धमाका, 12 घायल, एक संदिग्ध गिरफ्तार

**बर्लिन।** पश्चिमी जर्मनी में एक आवासीय भवन में हुए विस्फोट में दो पुलिस अधिकारी सहित 10 अग्निशमन कर्मी घायल हो गए। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि घायलों में से कुछ की स्थिति



गंभीर है। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक इमारत से एक शव भी बरामद किया गया है। व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।

उत्तरी रहिने-वेस्टफालिआ प्रांत के गृह मंत्री हेर्बेर्ट रेउल ने क्षेत्रीय प्रतिनिधियों को बताया कि राटंगेन कस्बे के एक गगनचुंबी भवन में हुए विस्फोट में 10 अग्निशमन कर्मी और दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। दो घरों में आग की सूचना के बाद अग्निशमन और पुलिस को सुबह बुलाया गया था। एक अपार्टमेंट का दरवाजा खोलने पर उसमें आग लगी पाया गया।

## अल-कादिर ट्रस्ट केसः जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए इस्लामाबाद हाई कोर्ट पहुंचे इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की जमानत याचिका पर दो सदस्यीय विशेष खंडपीठ सुनवाई करेगी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी को 'गैरकानूनी' करार दिया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पूर्वाह्न 11: 30 बजे के तुरंत बाद अदालत में पहुंचने के तुरंत बाद खान को बायोमेट्रिक्स के लिए ले जाया गया। वह अल-कादिर ट्रस्ट मामले में जमानत के लिए दो सदस्यीय पीठ के समक्ष पेश होंगे।

इस्लामाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने खान की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए एक विशेष खंडपीठ का गठन किया है, जिसमें न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब और न्यायमूर्ति समन रफत इम्तियाज शामिल हैं।

खान के वकील फैसल हुसैन चौधरी ने संवाददाताओं से कहा,



'हमें उम्मीद है कि हाई कोर्ट जमानत दे देगा।' इससे एक दिन पहले हाई कोर्ट ने पीटीआई प्रमुख की गिरफ्तारी को 'वैध' करार दिया था, जबकि सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने खान की हाई कोर्ट परिसर से गिरफ्तारी को 'अवैध' करार देते हुए उन्हें आज (शुक्रवार) इस्लामाबाद हाई कोर्ट के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था। फैसले में कहा गया है, 'राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के अध्यक्ष का अल-कादिर ट्रस्ट मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ इस्लामाबाद हाई कोर्ट के परिसर में 01 मई, 2023 को जारी गिरफ्तारी वारंट को लागू करने का तरीका अमान्य और गैरकानूनी है।

खान को अर्धसैनिक बलों ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट परिसर से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद देश भर में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे। पूर्व प्रधानमंत्री ने रिहाई के लिए तुरंत अदालत का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अदालत ने उनकी गिरफ्तारी को वैध घोषित कर दिया था।

पिछले साल अप्रैल में पद से हटाए जाने के बाद से खान ने मध्यावधि चुनाव के लिए जोरदार प्रचार अभियान चलाया है और गठबंधन सरकार तथा सेना की अभूतपूर्व आलोचना की है। उन्होंने वरिष्ठ सैन्य और सरकारी अधिकारियों पर नवंबर में हत्या के प्रयास की साजिश रचने का आरोप लगाया था, जिसमें एक रैली के दौरान उनके पैर में गोली लगी थी।

## पूर्व गृह मंत्री खांड की गिरफ्तारी के बाद सदस्यता निलंबन को लेकर नेपाली कांग्रेस में विवाद

**काठमांडू।** पूर्व गृह मंत्री बालकृष्ण खांड की गिरफ्तारी के बाद नेपाली कांग्रेस में विवाद तेज हो गया है। फर्जी शरणार्थी मामले में गिरफ्तार खांड की केंद्रीय सदस्यता निलंबित करने की मांग के बाद कांग्रेस में ही विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के समर्थक खांड को निलंबित नहीं करने के पक्ष में हैं, इसलिए कांग्रेस की पिछली बैठक में खांड को लेकर कोई फैसला नहीं हो सका था। देउबा के करीबी कांग्रेसी नेता महेंद्र यादव ने कहा कि बिना दोषसिद्धि के खांड को निलंबित नहीं किया जाना चाहिए। यादव का कहना है कि उन्हें पद पर बने रहने दिया जाना चाहिए, क्योंकि खांड को दोषी



नहीं ठहराया गया है। हालांकि, देउबा के विरोधी गुट के नेता खांड को निलंबित करने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा और विश्वप्रकाश शर्मा उनके निलंबन पर जोर दे चुके हैं। पार्टी की बैठक में इस मुद्दे को उठाने के बाद विवाद बढ़ गया। 10 मई को पूर्व गृह मंत्री खांड और उनके निजी सचिव नरेंद्र केसी की गिरफ्तारी के बाद से कांग्रेस में आंतरिक राजनीति हिल गई है। खांड अध्यक्ष देउबा के करीबी हैं। इस मामले में देउबा की पत्नी आरजू देउबा और खांड की पत्नी मंजू खांड भी आरोपित हैं। पूर्व उपप्रधानमंत्री टोप बहादुर रायमाझी की पुलिस को तलाश है। उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। नेपाल सरकार के गृह सचिव रह चुके टेकनारायण पांडेय के अलावा कई ताकतवर लोग पुलिस की गिरफ्त में हैं।

## शिकायतों व सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर सिडनी में प्रस्तावित सिख फॉर जस्टिस का कार्यक्रम रद्द

**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)।** विवादित संगठन सिख फॉर जस्टिस के मंसूबों पर ब्लैक टाउन सिटी काउंसिल ने पानी फेर दिया है। सिडनी में प्रस्तावित संगठन के जनमत संग्रह के प्रस्तावित प्रोपेगंडा कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। इसे ब्लैक टाउन लीजर सेंटर स्टेनहोप में आयोजित किया जाना था।

ऑस्ट्रेलिया टुडे के मुताबिक सिख फॉर जस्टिस के कार्यक्रम को लेकर व्यापक पैमाने पर मिली शिकायतों एवं धमकियों के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर कार्यक्रम की बुकिंग रद्द कर दी गई। एक प्रवक्ता का हवाला देते हुए ऑस्ट्रेलिया टुडे ने रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसमें बताया गया है कि काउंसिल ने अपने स्थापित नियम व सिद्धांतों के मुताबिक इस कार्यक्रम को रद्द करने का फैसला किया। काउंसिल भारत या पाकिस्तान के आंतरिक मामलों से संबंधित किसी राजनीतिक स्थिति का समर्थन या आलोचना नहीं करता और किसी विशेष राजनीतिक स्थिति के समर्थन के रूप में इसका प्रतिनिधित्व नहीं किया जाना चाहिए। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि अरविंद गौर ने सिख फॉर




जस्टिस के प्रचार कार्यक्रम द्वारा तैयार किए गए पोस्टर व बैनर में आतंकी गतिविधियों में शामिल रहे लोगों की प्रशंसा किए जाने की शिकायत की गई थी। जिसके बाद काउंसिल के सीईओ केरी रॉबिन्सन ने उन्हें जवाब देते हुए बताया कि अधिकारियों की तरफ से ऐसे तमाम अनधिकृत बैनर व पोस्टर हटाए जा रहे हैं और एनएसडब्लू पुलिस से सलाह मांगी गई है। ऑस्ट्रेलिया टुडे को यह भी बताया गया है कि बेहिसाब पैसों के लेन-देन के मामले में विक्टोरिया में पंजीकृत सिख फॉर जस्टिस प्राइवेट लिमिटेड के बारे में जांच चल रही है।

गौरतलब है कि इसी सप्ताह की शुरुआत में खालिस्तान समर्थकों द्वारा रोजहिल स्थित स्वामीनारायण मंदिर पर हमले की घटना सामने आई थी। जिसकी हिंदू, इस्लामी और सिख संगठनों ने कड़ी निंदा की थी।

## मंकीपॉक्स अब वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल नहीं : डब्ल्यूएचओ

**जेनेवा।** मंकी पॉक्स अब वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल (ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी) नहीं रहा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा जारी रिपोर्ट में मंकी पॉक्स (एमपॉक्स) को लेकर यह राहत भरी जानकारी दी गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख डॉ ट्रेडोस डनॉम गेब्रियेसस ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मंकी पॉक्स अब वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह हुई बैठक के बाद एमपॉक्स के लिए आपातकालीन समिति ने आपातकाल को बंद करने की सलाह दी थी जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि एमपॉक्स एक वायरल बीमारी है और सौ से अधिक देशों में इसके मामलों की पुष्टि हुई थी।

उन्होंने आगे कहा कि भले ही एमपॉक्स अब ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी नहीं है, लेकिन इसका यह भी मतलब नहीं है कि इससे बचाव की जरूरत भी खत्म हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि एमपॉक्स महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसके लिए एक मजबूत, सक्रिय



और स्थायी प्रतिक्रिया की जरूरत है। ट्रेडोस ने कहा कि वैश्विक स्तर पर इसमें कमी आ रही है यह हर्ष है, लेकिन यह वायरस अफ्रीका समेत उन सभी इलाकों में समुदायों को प्रभावित कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स को जुलाई, 2022 में एक वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। इसके बाद नवंबर और फरवरी में इस स्थिति को बरकरार रखा गाया था। फ्लू की तरह के लक्षण वाली बीमारी एमपॉक्स का संक्रमण पीड़ित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने से फैलता है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा कि पिछले तीन महीनों में इसके मामलों में लगभग 90 फीसदी की कमी दर्ज की गई। 2022 की शुरुआत से इस साल मई तक वैश्विक स्तर पर एमपॉक्स के 87,000 मामलों की पुष्टि हुई थी।

## पाकिस्तानी राजनयिक ने भारत के खिलाफ उगला जहर, हिंदुत्व के मुद्दे पर पीएम मोदी को घेरा

**इस्लामाबाद।** एक पाकिस्तानी राजनयिक ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। दरअसल अमेरिका में पाकिस्तानी दूतावास में तैनात एक राजनयिक ने ट्वीट कर लिखा कि भारत अब एक स्वस्थ लोकतंत्र नहीं है और भारत में मुस्लिमों के खिलाफ नफरत को बढ़ावा दिया जा रहा है। पाकिस्तानी राजनयिक ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि अब वह इस मुद्दे पर शांत ना रहें।

**पाकिस्तानी राजनयिक का भड़काऊ बयान**

अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी स्थित पाकिस्तानी दूतावास में प्रेस काउंसलर के पद पर तैनात सरफराज हुसैन ने एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में सरफराज ने वॉशिंगटन पोस्ट में लिखे राना अयूब के लेख का लिंक साझा किया। ट्वीट के कैप्शन में पाकिस्तानी अधिकारी ने लिखा कि 'अंतरराष्ट्रीय बिरादरी अब चुप ना रहे। राना अयूब ने चेतावनी दी है कि मोदी इंडिया को समझाने के लिए एक नया



नैरेटिव गढ़ा जा रहा है। भारत कोई स्वस्थ लोकतंत्र नहीं है। मोदी भारत में मुस्लिमों के खिलाफ नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं और दुनिया इस तरफ देख ही नहीं रही है।'

**लेख का दिया हवाला**

लेख में कहा गया है कि भारत में व्यवस्थागत तरीके से मुस्लिमों को शोषण हो रहा है और उनके खिलाफ नफरत फैलाई जा रही है और अब इस प्रचार को चलते हुए कई साल बीत गए हैं तो यह मौजूदा समय में काफी गंभीर हो गया है। इस लेख में पीएम मोदी, गुजरात दंगे और देश में कथित हिंदुत्व उभार के बारे में लिखा गया है। भारत पाकिस्तानी राजनयिक का यह ट्वीट ऐसे समय सामने आया है, जब जम्मू कश्मीर में जी20 की बैठक होने जा रही है। जी20 का टूरिज्म सम्मेलन श्रीनगर में आयोजित होगा। इसका पाकिस्तान द्वारा विरोध किया जा रहा है।

## अन्नपूर्णा पर्वत की खाई में गिरने वाले पर्वतारोही मालू को भारत ले जाया गया

**काठमांडू।** नेपाल के अन्नपूर्णा पर्वत की खाई में गिरने वाले भारतीय पर्वतारोही अनुराग मालू को आगे के इलाज के लिए दिल्ली के एम्स अस्पताल ले जाया गया है।

भारतीय पर्वतारोही अस्सी वर्षीय अनुराग मालू पिछले माह दुनिया के सभी नौ मीटर ऊंचे

नहीं हुआ था कि उन्हें जिंदा बचाया जा सकता है। इसके बाद उनका इलाज नेपाल के एक



अस्पताल में हुआ था। अस्पताल में सीपीआर के बाद मालू की धड़कन लौट आई। तबीयत में सुधार के बाद मालू को आगे के इलाज के लिए आज एयर एम्बुलेंस से दिल्ली के एम्स अस्पताल ले जाया गया है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## यूक्रेन की मदद के लिए फिर आगे आया ब्रिटेन, सैन्य हथियार और मिसाइल मुहैया कराएगा

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने एलान किया है कि वह यूक्रेन को लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें स्टॉर्म शैडो देंगे। इसके साथ ही यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलें देने वाला, ब्रिटेन पहला देश बन जाएगा। ब्रिटेन से स्टॉर्म शैडो मिसाइलें मिलने के बाद रूस के खिलाफ यूक्रेन की ताकत में काफी इजाफा होगा और उसकी आक्रमण करने की क्षमता बेहतर होगी।

**'रूस को अपनी जमीन से खदेड़ सकेगा यूक्रेन'** ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस ने बताया कि 'आज मैं पुष्टि करता हूं कि ब्रिटेन यूक्रेन को स्टॉर्म शैडो मिसाइलें दान देगा। दान में मिले इन हथियारों से यूक्रेन रूस की बर्बरता से खुद का बचाव कर सकेगा।' बेन वालेस ने कहा कि 'स्टॉर्म शैडो मिसाइलें यूक्रेन को अधिकार देंगी कि वह, रूस के खिलाफ खुद का बचाव कर



सके साथ ही यूक्रेनी जमीन से रूसी सेना को पीछे खदेड़ सके।'

**यूक्रेन की ताकत में होगा जबरदस्त इजाफा**

स्टॉर्म शैडो मिसाइलें हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की मिसाइल है। यह मिसाइल बेहद मुश्किल मौसम में भी संचालित की जा सकती है और ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने लीबिया, इराक और खाड़ी के युद्ध में इन मिसाइलों का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया था। स्टॉर्म शैडो मिसाइल 250 किलोमीटर या 155 मील की दूरी पर स्थित लक्ष्य को भेद सकती है। यूक्रेन द्वारा लंबे समय से अमेरिका से सतह से सतह पर मार करने वाली लंबी दूरी की मिसाइल,ञ्ञष्टरूस की मांग की जा रही है, जो करीब 185 मील तक मार कर सकती है। अब ब्रिटेन से स्टॉर्म शैडो मिसाइल मिलने के बाद यूक्रेन की सैन्य ताकत में उल्लेखनीय इजाफा हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन द्वारा यूक्रेन को लगातार सैन्य मदद दी जा रही है। इससे पहले ब्रिटेन, यूक्रेन को एंटी टैंक मिसाइलें, आर्टिलरी गन, एयर डिफेंस सिस्टम, आर्मर्ड व्हीकल और तीन एम270 मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम भी दे चुका है। इस साल जनवरी में ब्रिटेन ने यूक्रेन को युद्धक टैंक भी मुहैया कराए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूक्रेन, रूस के खिलाफ बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। ऐसे में ब्रिटेन से लंबी दूरी की मिसाइलें मिलने के बाद यूक्रेन का यह हमला रूस को बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।

## लगातार दूसरे हफ्ते देश के विदेशी मुद्रा भंडार में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर है। लगातार दूसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 मई को समाप्त हफ्ते में 7.196 अरब डॉलर उछलकर 595.976 अरब डॉलर हो गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 4.532 अरब डॉलर बढ़कर 588.78 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने आंकड़ों में यह जानकारी दी।

आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी



आंकड़ों के मुताबिक 5 मई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 7.196 अरब डॉलर उछलकर 595.976 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पिछले हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार 588.78 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में अहम योगदान देने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 6.536 अरब डॉलर बढ़कर 526.021 अरब डॉलर हो गई है।

रिजर्व बैंक के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 65.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 46.315 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.447 अरब डॉलर रह गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार दो करोड़ डॉलर बढ़कर 5.192 अरब डॉलर हो गया है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2021 में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।